पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 258 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 14 जनवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बंगाल में बीकानेर एक्सप्रेस डीरेल, 12 बोगियां पटरी से उतरीं

### तीन यात्रियों की मौत,; पीएम मोदी ने ममता से की बात, डीएम ने कहा कि करीब 50 एंबुलेंस मौके पर हैं और यात्रियों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का प्रयास जारी

**कोलकाता/सिलीगुड़ी**

**उत्तर** बंगाल के जलपाईगुड़ी के मयनागुड़ी में वीरवार शाम पांच बजे बीकानेर एक्सप्रेस की 12 बोगियां बेपटरी हो गईं। इस ट्रेन दुर्घटना में सैकड़ों लोगों के हताहत होने की आशंका है। फिलहाल, जलपाईगुड़ी के डीएम ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। डीएम ने कहा कि करीब 50 एंबुलेंस मौके पर हैं और यात्रियों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का प्रयास जारी है। आसपास के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय ट्रेन की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा थी। युद्धस्तर पर राहत व बचाव कार्य चलाया जा रहा है। ट्रेन बीकानेर से गुवाहाटी जा रही थी। यह घटना पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के क्षेत्र में हुई है। इस हादसे में कई बोगियां एक दूसरे से टकराने के साथ एक दूसरे के ऊपर भी चढ़ गई हैं। साथ ही, कई बोगी पलट गईं हैं। अभी रेलवे व जिला प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती तीन बोगियों में फंसे हुए यात्रियों को निकालना है।





**प्रधानमंत्री ने बंगाल की सीएम से की बात:** इधर, इस हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत कर घटना की जानकारी ली है। वहीं, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायल यात्रियों को जल्द से जल्द समुचित उपचार मुहैया कराने का निर्देश दिया है। रेलवे समेत जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। वहीं, अंधेरा व घने कोहरे की वजह से राहत व बचाव कार्य में और मुश्किल हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### 1.54 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के रिफंड: सीबीडीटी

**नई दिल्ली**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्त वर्ष 202122 में अब तक 1.59 करोड़ करदाताओं को 1.54 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के रिफंड जारी किए हैं। आयकर विभाग ने गुरुवार को जानकारी दी कि चालू वित्त वर्ष में सीबीडीटी ने एक अप्रैल, 2021 से 10 जनवरी, 2022 के बीच 1.59 करोड़ से अधिक करदाताओं को 1,54,302 करोड़ से ज्यादा के रिफंड जारी किए हैं। आयकर विभाग के मुताबिक सीबीडीटी ने आयकर रिफंड के तहत 1,56,57,444 मामलों में 53,689 करोड़ रुपये जारी किया है, जबकि कॉर्पोरेट टैक्स रिफंड मद में 2,21,976 इकाइयों को 1,00,612 करोड़ रुपये जारी किया है। विभाग ने बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष 2021-22 (31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष) में 1.20 करोड़ लोगों को 23,406.28 करोड़ रुपये का रिफंड किया है, जो इसमें शामिल है। इसके अलावा सीबीडीटी के मुताबिक वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर 31 दिसंबर की तय समय-सीमा तक करीब 5.89 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए गए थे, जिसमें 46.11 लाख से ज्यादा आईटीआर 31 दिसंबर को ही दाखिल किए गए थे।

### जितेंद्र त्यागी हरिद्वार धर्म संसद मामले में अरेस्ट

**हरिद्वार**

हरिद्वार में हुई धर्म संसद में विवादित बयानबाजी को लेकर दर्ज केस में धर्म बदलकर जितेंद्र त्यागी बन चुके वसीम रिजवी गुरुवार को गिरफ्तार कर लिए गए। हरिद्वार के पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, उत्तराखंड पुलिस ने शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन रिजवी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में फिलहाल किसी दूसरे की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

### द. चीन सागर पर चीन के दावों को अमेरिका ने किया खारिज

**वाशिंगटन:** दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावों पर सवाल खड़े करते हुए अमेरिका ने उन्हें खारिज कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के समुद्री एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण व वैज्ञानिक मामलों के ब्यूरो ने एक विस्तृत शोध पत्र में दावा किया है कि चीन दक्षिण चीन सागर के मामले में गैरकानूनी भौगोलिक व ऐतिहासिक दावे कर रहा है। शोध पत्र में कहा गया है कि फिलीपींस, वियतनाम और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ विवादों के मसले पर चीन के पास कोई अंतरराष्ट्रीय कानूनी आधार नहीं बनता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने यह अध्ययन जारी करने के साथ ही चीन से दक्षिण चीन सागर में अपनी गैरकानूनी गतिविधियां रोकने की बात भी कही है। शोध पत्र में चीन के दावों का भौगोलिक सत्यापन भी किया गया है, जिसमें चीन के दावों को कानूनी सीमाओं से परे व अपने समुद्री क्षेत्र का उल्लंघन करार दिया गया है। चीन जिन चार द्वीप समूहों पर दावा जताता है, अमेरिका ने उस दावे को भी खारिज कर दिया है। यह रिपोर्ट उस समय आयी है, जब अमेरिका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन को चुनौती दे रहा है। अमेरिका चीन को दुनिया के लिए दूरगामी खतरा करार देता है।

### हरियणा: रोडवेज की बसों में नहीं बजेंगे प्रेशर हॉर्न

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने राज्य परिवहन की सभी बसों में प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस संबंध में रोडवेज के सभी जिला महाप्रबंधकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हरियाणा सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए जा चुके हैं लेकिन पिछले कुछ समय से हरियाणा रोडवेज की बसों में चालकों द्वारा प्रेशर हॉर्न इस्तेमाल किए जाने की सूचना आ रही थी। जिसके चलते यह आदेश नए सिरे से जारी किए गए हैं।

## कोरोना से जीतेंगे जंग: मोदी

### पीएम ने देश में मौजूदा कोविड -19 की स्थिति पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से कहा कि शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए हमें हर घर दस्तक अभियान को तेज करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में मौजूदा कोविड -19 की स्थिति पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले वेरिएंट की तुलना में ओमिक्रोन तेजी से फैल रहा है। उन्होंने कहा कि यह अधिक ट्रांसमिसिबल है। हमारे स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्थिति का आकलन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को सतर्क रहने के साथ ही भयभीत नहीं होने की सलाह देते हुये कहा कि यह स्पष्ट है कि हमें सतर्क और सावधान रहना है, लेकिन घबराहट की स्थिति ना आए, इसका भी ध्यान रखना है। हमें ये देखना होगा कि त्योहारों के इस मौसम में लोगों की और प्रशासन की एलर्टनेस कहीं से भी कम नहीं पड़े। प्रधानमंत्री ने भरोसा व्यक्त करते हुये कहा कि 100 साल की सबसे बड़ी महामारी से भारत की लड़ाई अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। परिश्रम हमारा एकमात्र पथ है और विजय एकमात्र विकल्प। हम 130 करोड़ भारत के लोग, अपने प्रयासों से कोरोना से जीतकर अवश्य निकलेंगे।




**ओमिक्रोन वैरिएंट अधिक ट्रांसमिसिबल: मोदी**-पिछले वैरिएंट की तुलना में ओमिक्रोन तेजी से फैल रहा है,ये अधिक ट्रांसमिसिबल है। हमारे स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्थिति का आकलन कर रहे हैं। स्पष्ट है कि हमें सतर्क रहना है। उन्होंने टीकाकरण का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत लगभग 92 फीसदी वयस्क जनसंख्या को कोविड वैक्सीन की पहली डोज दे चुका है। 70 फीसदी के आसपास पहुंच चुका है। 10 दिन के अंदर ही भारत ने लगभग 3 करोड़ किशोरों का भी टीकाकरण कर दिया है।

### एस्ट्राजेनेका वैक्सीन ओमिक्रॉन के खिलाफ कारगर

**लंदन**

एंग्लो-स्वीडिश बायोफार्मा कंपनी द्वारा जारी प्रारंभिक आंकड़ों में कहा गया है कि एस्ट्राजेनेका वैक्सजेवरिया वैक्सीन ने तीसरी बूस्टर खुराक के बाद कोविड-19 के ओमिक्रॉन वैरिएंट के लिए एक बढ़ी हुई एंटीबॉडी प्रतिक्रिया दिखाई है। वैक्सीन के सुरक्षा और इम्यूनोजेनेसिटी परीक्षण में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित और भारत में कोविशील्ड के रूप में प्रचलित वैक्सनी को तीसरी खुराक के रूप में दिए जाने से बीटा, डेल्टा, अल्फा और गामा वैरिएंट के प्रति शरीर की इम्यून प्रतिक्रिया में बढ़ोतरी देखी गई। एक विश्लेषण में ओमिक्रॉन वैरिएंट के प्रति एंटीबॉडी प्रतिक्रिया में वृद्धि दिखी है।

### तीसरी लहर में पहली बार 2.47 लाख नए संक्रमित मिले



**नई दिल्ली**

देश में बुधवार का दिन कोरोना वायरस के लिहाज से बेहद भयावह रहा। बुधवार को 2 लाख 47 हजार 418 नए कोरोना संक्रमित मिले। 84,592 लोग ठीक हुए, जबकि 380 लोगों की मौत हुई। इस तरह एक्टिव केस, यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 1 लाख 62 हजार 446 की बढ़ोतरी दर्ज की गई। फिलहाल देश में 11.17 लाख एक्टिव केस हैं। तीसरी लहर में एक्टिव केस पहली बार 11 लाख के पार पहुंचे हैं। वहीं, नए संक्रमितों 54 हजार की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इससे पहले मंगलवार को 1.93 लाख लोग संक्रमित मिले थे। देश में अब तक कुल 3.63 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से 3.47 करोड़ लोग रिकवर हो चुके हैं।

## भारत-चीन के बीच गोगरा-हॉट स्प्रिंग पर नहीं बनी बात

**नई दिल्ली**

**भारत-चीन** के सैन्य कमांडरों के बीच बुधवार को सुबह शुरू हुई 14वें दौर की वार्ता लगभग 13 घंटे तक चली लेकिन पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले इलाके गोगरा-हॉट स्प्रिंग पर कोई सहमति नहीं बन पाई। बैठक में भारत की तरफ से हॉट स्प्रिंग, डेप्सांग और डेमचोक इलाकों में सैनिकों की पूर्ण वापसी पर जोर दिया गया। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने इस वार्ता के बीच सालाना प्रेस कांफ्रेंस में पीपी-15 यानी हॉट स्प्रिंग से जुड़े मुद्दों का समाधान होने की उम्मीद जताई थी। पूर्वी लद्दाख में पिछले 20 महीनों से जारी तनाव के बीच भारत-चीन ने कई स्थानों से अपनी सेनाएं पीछे हटाई हैं लेकिन कई स्थानों पर गतिरोध कायम है। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 20 महीने से चल रहे तनाव को हल करने के लिए भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 14वें दौर की वार्ता बुधवार को सुबह 10 बजे के करीब चीनी हिस्से में चुशुल-मोल्दो मीटिंग प्वाइंट में शुरू हुई। इस सैन्य वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह स्थित 14 कोर के नवनियुक्त कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने और चीनी टीम का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिला प्रमुख मेजर जनरल यांग लिन ने किया। वार्ता का मुख्य फोकस हॉट स्प्रिंग्स (पेट्रोलिंग प्वाइंट 15) में विस्थापन प्रक्रिया को आगे बढ़ाना था।



### कैदियों की पेशी के दौरान पुलिस की स्पेशल यूनिट रहेगी अब तैनात

**नई दिल्ली**

रोहिणी कोर्ट में हुई गैंगस्टर गोगी की हत्या और ब्लास्ट को ध्यान में रखते हुए कोर्ट की सुरक्षा को लेकर पुलिस के द्वारा लगातार काम किये जा रहे हैं। इसके साथ ही वहां पेश होने वाले विचाराधीन कैदियों की सुरक्षा को लेकर भी बंदोबस्त किए जा रहे हैं। इसके लिए कमिश्नर राकेश अस्थाना ने खासतौर पर अपराध शाखा, स्पेशल स्टाफ और स्पेशल सेल की टीम को जिम्मेदारी सौंपी है।

## भाजपा में भगदड़: धर्म सिंह सैनी का इस्तीफा



**कानपुर**

**यूपी चुनाव** की तारीखों का ऐलान होने के बाद भाजपा में भगदड़ मची है। एक-एक कर मंत्री और विधायक इस्तीफा दे रहे हैं। गुरुवार को दोपहर तक एक और मंत्री व तीन विधायकों ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया। यानी एक दिन में 4 विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसमें मंत्री धर्म सिंह सैनी, विधायक मुकेश वर्मा, विनय शाक्य और बाला प्रसाद अवस्थी शामिल हैं। मुकेश वर्मा शिकोहाबाद से विधायक हैं जबकि विनय शाक्य औरैया की बिधूना सीट से विधायक हैं। धर्म सिंह सैनी, मुकेश वर्मा और विनय शाक्य ने अलग-अलग सपा कार्यालय पहुंचकर अखिलेश से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार को योगी सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य और बुधवार को दारा सिंह चौहान ने इस्तीफा दिया था। यानी बीते तीन दिन में तीन मंत्रियों ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, अब तक 14 विधायक (इनमें मंत्री भी शामिल) पार्टी छोड़ चुके हैं।

धर्म सिंह सैनी ने अखिलेश यादव से मुलाकात की। इसके बाद अखिलेश यादव ने कहा- सामाजिक न्याय के एक और योद्धा डॉ. धर्म सिंह सैनी के आने से सकारात्मक और प्रगतिशील राजनीति को और भी बल मिला है। सपा में उनका स्वागत है।

**मौर्य बोले- स्वामी रूपी नेवला भाजपा को खत्म करके दम लेगा:** स्वामी प्रसाद ने इस्तीफे में लिखा था- मंत्री के रूप में विपरीत परिस्थितियों और विचारधारा में रहकर उत्तरदायित्व का निर्वहन किया, लेकिन दलितों, पिछड़ों, किसानों, बेरोजगार नौजवानों और व्यापारियों की उपेक्षा के कारण उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देता हूं।

## दिल्ली में लॉकडाउन की योजना नहीं: सतेन्द्र जैन

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन ने कहा है कि राजधानी दिल्ली में लॉकडाउन की कोई योजना नहीं है। जैन ने गुरुवार को मीडिया से कहा कि चार दिनों से कोरोना मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की दर स्थिर है। यह एक अच्छा संकेत है। जैन ने आशंका जताई की आज गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना के लगभग 27 हजार,500 मामले आ सकते हैं। फिलहाल दिल्ली के अस्पतालों में पर्याप्त बेड, दवा और ऑक्सीजन की व्यवस्था है। राजधानी में कोरना संक्रमण को देखते हुए जरूरी प्रतिबंध लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं। यहां निजी कार्यालयों को पूर्णरूप से बंद कर वर्क फ्रॉम होम मोड पर जाने को कहा गया है। संक्रमितों के लिए दिल्ली सरकार की ओर से ऑनलाइन योग करने की व्यवस्था की गई है।

## तीसरे मोर्चे की फिर सुगबुगाहट: तेजस्वी की चंद्रशेखर से मुलाकात

**नई दिल्ली/तेलंगाना**

**राष्ट्रीय** जनता दल के नेता तेजस्वी यादव की तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के साथ हुई मुलाकात ने सियासत में नई हलचल मचा दी है। तेजस्वी यादव अपने पार्टी के नेताओं की एक टीम के साथ स्पेशल फ्लाइट से हैदराबाद पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि यह चार्टर प्लेन तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने राजद नेताओं के लिए पटना भेजी थी। के चंद्रशेखर राव और तेजस्वी की इस मुलाकात को गैर भाजपा और गैर कांग्रेस दलों को एक साथ लाने के प्रारंभिक प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है।



एक हफ्ते पहले ही चंद्रशेखर राव सीपीआई (एम) और सीपीआई नेताओं से मिले थे और तकरीबन एक महीने पहले वे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से भी मिल चुके हैं। तेलंगाना में टीआरएस और भाजपा के बीच चल रही राजनीतिक टकराव के दौरान इन सभी मुलाकातों और बैठकों के दौर को काफी अहम माना जा रहा है।

**तीसरे मोर्चे की अटकलें:** चंद्रशेखर राव की विपक्ष के नेताओं से लगातार मुलाकात से 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले संभावित तीसरे मोर्चे के गठन की अटकलों को एक बार फिर हवा मिल रही है।

## अयोध्या से ताल ठोकेंगे सीएम योगी

### भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने 172 उम्मीदवारों के नाम पर की चर्चा: केशव मौर्य

**नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रथम और द्वितीय चरण के मतदान समेत कुछ अन्य सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर सहमति बनी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बैठक में 172 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिये गये हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा उत्तर प्रदेश में अपनी जीत को दोहरायेगी। भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा महासचिव (संगठन) बीएल संतोष उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश संगठन मंत्री सुनील बंसल समेत अन्य सदस्य शामिल रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कोविड संक्रमण के कारण वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल रहे। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने 172 उम्मीदवारों के नाम तय कर लिये हैं। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2017 में जैसी विजय प्राप्त की थी, 2022 में उससे भी शानदार विजय प्राप्त करेंगे। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की अयोध्या विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय चुनाव समिति ने अयोध्या से उनकी उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है।



## एलओसी: गोलाबारी में दो जवान शहीद

**राजोरी**

**राजोरी** जिले में नियंत्रण रेखा पर अग्रिम क्षेत्र में वीरवार को संदिग्ध गोलाबारी में सेना के दो जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना हंजन वाली इलाके में हुई है। बताया कि शहीद जवानों को गोली लगी है। सैनिकों की पहचान प्राथमिक तौर पर सार्वजनिक नहीं की गई है। दोनों सैनिक अग्रिम स्थान पर तैनात थे।

**दिसबंर 2021 में मेजर और हवलदार ने गोली मारकर कर ली थी आत्महत्या:** दिसबंर 2021 में कुपवाड़ा सैन्य कैंप के अंदर हवलदार ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उसकी पहचान शिंदे संदीप अर्जुन के तौर पर हुई है। वह द्रंग्यारी चौकीबल में तैनात थे। घटना सुबह 4:30 बजे हुई जब शिंदे ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्हें अन्य जवान श्रीनगर के सैन्य अस्पताल ले ले गए जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस बारे में केस दर्ज कर लिया गया है। इसी माह रामबन में कंपनी कमांडर की जिम्मेदारी संभालने वाले मेजर ने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। 23 राष्ट्रीय राइफल्स की अल्फा कंपनी की महू बल पोस्ट पर तैनात मेजर की पहचान परविंदर सिंह पुत्र रशपाल सिंह निवासी प्रियदर्शनी विहार नई दिल्ली के रूप में हुई। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रात साढ़े दस बजे मेजर परविंदर सिंह की आत्महत्या की सूचना दी गई। मेजर परविंदर 23 आरआर में पिछले दिनों ही कंपनी कमांडर बनाए गए थे।



## खबर संक्षेप



### चुनावी चौपाल में राजनीतिक सरगर्मियों पर चर्चा

**जंघई।** चनेथू शरीफाबाद गाँव में आयोजित गोष्ठी में प्रतापपुर विधानसभा में चल रही राजनीतिक सरगर्मियों पर विभिन्न मुद्दों पर वरिष्ठ समाजसेवी हरिशंकर दुबे की अध्यक्षता में चर्चा हुई एवं प्रत्याशियों की घोषणा के बाद स्थित का अवलोकन करते हुए क्षेत्रीय एवं कर्मठ उम्मीदवार को समर्थन देने की रणनीति बनी।इस अवसर पर अमरनाथ दुबे, समरनाथ दुबे, बाबुलनाथ शुक्ल, कृष्णमोहन शुक्ल, डाक्टर शत्रुघ्न तिवारी, अनिल पांडेय, कृष्णराज शुक्ल, पवन शुक्ल एवं समाजसेवी बाबा तिवारी मौजूद रहे।

# मकान मालिक ने महिला किराएदार को पिस्टल से मारी गोली, मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के नीमा स्थित भोला का पुरवा में मकान मालिक ने महिला किराएदार की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।फतेहपुर का मूल निवासी राम नारायण ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। वह धूमनगंज में भोला का पुरवा में किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहता था। परिवार में उसकी पत्नी संगीता सोनी (32) और तीन बच्चे हैं।

बताया जाता है कि मकान मालिक से संगीता का मकान खाली करने को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। तीन दिन पहले भी इस बात को लेकर काफी कहासुनी हुई थी। बृहस्पतिवार को मकान मालिक का भाई अश्वनी शुक्ला लाइसेंसी पिस्टल लेकर पहुंचा था। मकान खाली करने के लिए फिर विवाद होने लगा। इसी दौरान अश्वनी ने पिस्टल से संगीता को गोली मार दी। इससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। इससे परिवार में अफरातफरी मच गई। आनन फानन उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी भाग निकला। सूचना पाकर एसपी सिटी सहित धूमनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई।



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व लोगों की लगी भीड़

## करछना तहसील में सप्ताहभर से चली आ रही हड़ताल से फरियादी परेशान

**करछना।** सप्ताहभर से तहसीलदार की कार्यशैली से नाराज वकीलो की हडताल चल रही है जिसके चलते फरियादियो को भारी फजीहत उठानी पड रही है वकीलो का कहना था कि तहसील के मनमाने रवैये आप्तियो के बावजूद भी फाइलो की दाखिल खारिज किए जाने से आक्रोशित अधिवक्ता तहसीलदार कोर्ट का वहिष्कार करते हुए तहसीलदार कोर्ट को बन्द करा दिया है।इसके बावजूद भी तहसीलदार की कार्यशैली मे कोई सुधार नही हो रहा है और गुरुवार को परिसर मे बार के अध्यक्ष चिन्तामणि शुक्ल और महामंत्री हसराज सिह ने कहा कि यदि जल्द ही कोई समाधान नही निकला तो आर-पार की लडाई का मन अधिवक्ता बना चुके है और तहसीलदार की कार्यशैली मे बदलाव न हुआ तो बार के अधिवक्ता पूर्ण तालाबन्दी को विवश होगे।

## न्यूज झरोखा

### बिना रॉ मटेरियल के प्रोडक्ट तैयार किया जाना चिंता का विषय



**प्रयागराज।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक खाद्य आयुक्त संजय पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को टैगोरटाउन स्थित पूर्वा प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया. यहां पर अचार, सॉस, मुरब्बा आदि का निर्माण किया जाता है. मौके पर साफ-सफाई व्यवस्था में कमी और स्टोरेज में रॉ मटेरियल नहीं मिलने पर खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई. मौके पर सॉस में प्रयुक्त होने वाले चिली और टोमेटो नही मिले बल्कि उनके पुराने पल्प मौजूद थे. मौके पर संदेह के आधार पर चिली पावडर, हल्दी पावडर, टोमेटो क्रश, चिली पल्प, चिली सॉस और टोमेटो केचअप का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है. साथ ही टोमेटो क्रश का 14 कंटेनर मौके पर सीज कर दिया गया, जिसकी कीमत 15 हजार रुपए बताई जा रही है. सहायक खाद्य आयुक्त ने बताया कि क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी की सूचना पर यह निरीक्षण किया गया है. बिना रॉ मटेरियल के प्रोडक्ट तैयार किया जाना चिंता का विषय है। इस बारे में प्रतिष्ठान संचालक की ओर से उचित जानकारी भी उपलब्ध नही कराई जा सकी. निरीक्षण के दौरान विभागीय अभिहित अधिकारी ममता कुमारी भी उपस्थित रहीं।

### जादूगर के माध्यम से डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक की योजना के बारे में दी गई जानकारी



**करछना।** भड़ेवरा नाबार्ड की तरफ से आए अधिकारियों ने शुक्लागंज में चौपाल लगाकर लोगो को वित्तीय समावेशन के बारे में तथा भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,कृषि लोन आदि के बारे में जानकारी दी और उसके लाभ के बारे में भी बताए। इस मौके पर भूपेंद्र शर्मा , भगवत प्रसाद पांडेय , विष्णु देव , सुरेश सोनकर, संजय सोनी , छोटू सोनी, प्रभात विश्वकर्मा , डॉक्टर बंगाली, गौरी शंकर पांडेय , सुरेश चंद्र शर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

### पुलिस अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ किया फ्लैग मार्च



**कोरांव।** विधान सभा चुनाव को ले कर कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से उप पुलिस अधीक्षक मेजा सुनीता सिंह के नेतृत्व में कोराव थाना क्षेत्र के कई इलाकों बाजारों तक जा कर पर्याप्त मात्रा में फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। कोरांव कस्बा,महुली देवघाट बड़ोखर आदि कई इलाकों में थाना प्रभारियों के साथ मार्च किया। और लोगों से बेखौफ मतदान करने,चुनाव आयोग के निदेशों का पालन करने शांति व्यवस्था कायम रखने का आग्रह किया।साथ ही यूपी एमपी बॉर्डर का भी जायेगा लिया।

### सपा कार्यकताओं की बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न



**लालापुर।** जार्जटाउन समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय प्रयागराज में सपा नेताओं कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर पार्टी संगठन की मजबूती के लिए एवं प्रत्येक छोटे बड़े नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी गण पांच पांच लोगों की टोली बनाकर क्षेत्र में भ्रमण करने एवं विधानसभा चुनाव की चर्चा की गई। एक स्वर में सभी नेताओं कार्यकताओं ने भाजपा सरकार की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाने एवं पूर्व सपा सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ प्रदेश में सपा अखिलेश यादव की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सपा युवजनसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप यादव, विशेष जिला सचिव सपा राममूरत यादव उर्फ नाटे चौधरी,सपा युवजनसभा के जिला महासचिव अरूण यादव, प्रबुद्ध सभा जिला सचिव लालापुर से सुरेंद्र कुमार शुक्ला, अमरजीत चौधरी जिला पार्षद एवं तमाम नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे इसकी जानकारी शैलेन्द्र सिंह मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी विधानसभा बारा ने दी।

# अंधेरगर्दी : पत्रकार का घर ध्वस्त कराना चाहते हैं निलंबित लेखपाल के रिश्तेदार

अखंड भारत संदेश



लोक निर्माण विभाग के साथ राजस्व टीम की पैमाईश का दृश्य

**लोक निर्माण विभाग, राजस्व टीम तथा पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हुई पैमाईश,फिर भी नहीं सड़क में फंसा पत्रकार सहित डेढ़ दर्जन लोगों का देवघाट का मुद्दतों से बना मकान,**

**निलंबित एवम धोखाधड़ी में फंसा लेखपाल भी पैमाइस टीम के आगे पीछे घूमता दिखा, पत्रकार ने सासन को लिखा पत्र,जातिवादी भावना से ग्रसित हो कर कर रहे राजस्व कर्मचारी काम**

**कोविड 19 का राजस्व कर्मियों ने किया घोर उल्लंघन**

**प्रयागराज।** 12 जनवरी 2022 को राजस्व टीम और लोक निर्माण विभाग तथा पुलिस फोर्स,की मौजूदगी में कोरांव तहसील के ग्राम पंचायत देवघाट में स्थित भूखंड संख्या 1152 में अठारह बीस लोगों का मुद्दतो से बना मकान राजनैतिक स्तर से सत्ता के कुछ जनप्रतिनिधि और प्रधानी चुनाव में हारे हुए लोग पत्रकार अथवा ग्राम प्रधान शहजादे का ग्राम देवघाट में स्थित मकान को लोक निर्माण विभाग में फर्जी नाप कर दर्शा दिए जाने तथा ध्वस्ति करण की कार्यवाही की शिकायत की गई थी। जिसकी नाप जोख में उक्त लोगों का मकान मार्ग भूमि में नहीं निकला। पैमाईश टीम ने मुख्य मार्ग की जमीन को चिन्हित कर पत्थरगढ़ी कराया। किंतु बार बार राजस्व टीम को तथा पी डब्लू डी टीम को किए जा रहे फोन से प्रभावित हो कर टीम ने पथरगद्दी अधर में कर दी। जिसका वीडियो वायरल हो गया। उक्त भूखंडों को दो तीन बार सरहद्दों से नाप जोख की गई,किंतु स्वार्थ और राजनैतिक दबाव से फाइनल नाप नहीं की गई।जो अनुचित दिखा।

बता दें कि ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे वरिष्ठ पत्रकार का मकान देवघाट कोरांव मुख्य मार्ग के किनारे दया शंकर विश्वकर्मा के भूखंड संख्या 1152 में डेढ़ दर्जन लोगों ने क्रय किया है। और मुद्दतों से आबाद हैं। किंतु ग्राम अल्हवा के कोटेदार और उसके पुत्र को प्रधान के खिलाफ पार्टी के लोगों में उकसा कर प्रभाव में ला कर शिकायत किया कि प्रधान अथवा पत्रकार का मकान लोक निर्माण विभाग में दर्शा कर ध्वस्त करा दिया जाय। लेखपाल राज बहादुर सिंह पटेल ने रिश्वत ले कर प्रधान का मकान पी डब्लू डी में नाप दिया। और ध्वस्त करण के लिए रिपोर्ट की। जिस पर पत्रकार ने पुनः नाप जोख निष्पक्ष रूप से किए जाने की मांग किया। किंतु एस डी एम ने पत्रकार के आवेदन पर ध्यान नहीं दिया,बल्कि लोक निर्माण विभाग को कार्यवाही हेतु पत्र भेजा। जब पत्रकार की सुनवाई नहीं हुई तो प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ को पत्र लिखा। जिस पर सासन ने सीधे जिला अधिकारी को अनुरोधा अनुसार सीमांकन पैमाईश लोक निर्माण विभाग के लोगों को सम्मिलित करते हुए किए जाने का आदेश दिया। और कृत कार्यवाही से सासन को अवगत किए जाने को कहा। इस बाबत विपक्षियों ने हाईकोर्ट की शरण ली। और विचाराधीन पैमाइस का ही आदेश दे कर याचिका बंद कर दी।

प्रश्न यह है कि कास्तकारी में बसे लोगों के मकान क्या जबरजस्ती गिराए जायेंगें,और सत्ता के कुछ तथा कथित एक विशेष संगठन के लोग पत्रकार का मकान जातिवादी भावना से ग्रसित हो कर गिराना चाहते हैं। दर असल देवघाट के लेखपाल ने प्रधान शहजादे पत्रकार के विपक्छी सुखलाल पटेल अल्हवा और कोटेदार ने लेखपाल को पटा कर ग्राम महुली की श्रीमती मालती पाल की देवघाट की भूमि को एक साल पूर्व मृतक दिखा कर सुखलाल पटेल के नाम करा ली गई थी। जिस पर डी एम के सामने मामला पेश होने पर लेखपाल राजबहादुर पटेल को निलंबित कर दिया गया। फिर भी राजस्व अधिकारियों ने लेखपाली करने की छूट दे दी थी। उधर न्यायालय ने भू माफिया सुखलाल पटेल,तत्कालीन कानूनगो राम आसरे,लेखपाल राजबहादुर पटेल, मिडियेटर पवन पाल कोटेदार के पुत्र के विरुद्ध क्राइम नंबर 412/ 2021 धारा 419,420,467,468,471,506 आईपीसी में थाना कोराव में मुकदमा दर्ज हुआ है। जिससे नाराज हो कर राजस्व अधिकारी तहसील कोराव,और कुछ सत्ता के जन प्रतिनिधि लोक निर्माण विभाग पर दबाव बना कर बदले की भावना से ग्रसित हो कर और यह मांन कर कि पत्रकार शहजादे ने ही जिंदा महिला को मृतक दिखा कर जमीन हड़पने का काम का उजागर किया है जिससे राजस्व अधिकारी भी पत्रकार के मकान को जबरन मार्ग की भूमि में दर्शा कर गिरवाना चाहते हैं। जब कि भारी संख्या में मौजूद लोगों के सामने पैमाइस में लोक निर्माण विभाग की जमीन भूखंड संख्या 1153 को अलग कर दी गई पत्थर गरवा दिया गया है। किंतु पैमाइस टीम को निलंबित लेखपाल के रिश्तेदार राजस्व कर्मी जो जांच टीम में शामिल थे,वे सिर्फ और सिर्फ पत्रकार का घर कैसे गिरे यह मौका नहीं खोज पा रहे, जिससे पिलर गड़वा बिना टीम चली गई। जिसके वीडियो बने हैं। पत्रकार सहित मुस्लिम, बनिया, पंडित, कुर्मी, लोहार आदि कई लोगों का मकान लोक निर्माण विभाग के बजाय दया शंकर विश्वकर्मा के खेत में है। लेखपाल के रिश्तेदारों का भी मकान मार्ग में दूसरे हिस्से में भी फंस रहा है,जिससे नाप को एक तरफा कर के अपनी जान बचाना चाहते हैं। नाप के समय अधिवक्ता, इलाके के कई नाप जोख जानकार रिटायर्ड लेखपाल कानूनगो आदि मौजूद रहे। सबसे अहम बात तो यह कि राजस्व टीम ने पुलिस, लोक निर्माण विभाग,के आलावा सभी ने किया कोविड 19 के नियमों का उल्लंघन।

# माता-पिता एवं गुरू की सेवा ही सच्चा तीर्थ : अवधेश जी

**सहसों।** नौ दिन सुनो राम कथा के आठवें दिन श्रीरामचरितमानस सेवा समिति सहसों के तत्वावधान में चल रही श्री राम कथा व्यास मानष मर्मग्य अवधेश जी महाराज ने कहा कि हर मनुष्य के लिए माता-पिता की सेवा, उनकी आज्ञा तथा गुरु की सेवा ही सभी तीर्थों से बढ़कर है वही सच्ची भक्ति है। ,,प्रातकाल उठिकै रघुनाथा। मात पिता गुरु नावहिं माथा।।,, इसलिए सर्वप्रथम परम पूज्य के रूप में इन्हीं की सेवा व आज्ञा मानकर अपने जीवन को सफल सार्थक बनाये। उन्होंने कहा भगवान श्रीराम ने माता पिता की आज्ञा मानकर 14 वर्षों की कठिन तपस्या के लिए वनवास गए और वे पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम कहलाए तथा समाज में एक आदर्श की स्थापना कर लोगों को संदेश दिया। कथा व्यास ने कहा जब भगवान श्री राम , लक्ष्मण व माता सीता वनवास जा रहे थे। रास्ते में केवट ने पार उतारने के लिए भगवान श्री राम के चरण कमल को धोने का आग्रह किया। उस दौरान उन्होंने अकेले नहीं पूरे गांव, परिवार व रिश्तेदारों को बुलाकर भगवान श्री रामचन्द्र का दर्शन कराया और पूरे कुनबे को मोक्ष की प्राप्ति दिलाई। इसी तरह भगवान श्री राम कथा का श्रवण स्वयं परिजन, रिश्तेदार तथा समाज के हर व्यक्ति का श्रवण करके अपने जीवन को कृतार्थ करना चाहिए। कथा व्यास ने कहा भगवान श्री कृष्ण के पूर्वज पिता की आज्ञा नहीं माने जिससे वह चक्रवर्ती सम्राट नहीं बन पाए। लेकिन जिनके ऊपर उन्होंने हाथ रखा वह चक्रवर्ती सम्राट हो गया। परन्तु भगवान राम पिता की आज्ञा माने और वे चक्रवर्ती सम्राट हुए। उन्होंने कहा श्री राम के आदर्श तथा बताए हुए रास्ते आज भी राम राज्य की स्थापना में महत्वपूर्ण है। जिसका अनुसरण समाज के सभी लोग करके अपने जीवन को धन्य बनाएं। कथा श्रवण में व्यापार मण्डल के राजेंद्र केसरवानी, श्रीकांत त्रिपाठी, शिव बाबू केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी, ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी, सूर्यकांत तिवारी, नितिन केसरवानी, बबलू केसरवानी, पंडित दिनेश तिवारी, चिंतामणि शुक्ला, त्रिगुणी नारायण शुक्ला, उमेश केसरवानी सहित भारी संख्या में भक्त नर नारियों ने कथा का रसपान किया।



सहसों बाजार में राम कथा सुनाते अवधेश जी महाराज।

### श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कल से

**सहसों।** क्षेत्र के गुलालपुर में पंडित वेद मणि तिवारी, शिव प्रकाश तिवारी एवं प्रयाग दत्त तिवारी के संयोजन में 15 जनवरी शनिवार से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कुल गुरु पंडित श्रीधर शास्त्री एवं कथा व्यास अभयेश्वर प्रपन्नाचार्य के मुखारविंद से प्रतिदिन तीन बजे से सायंकाल छ बजे तक किया जाएगा। उक्त जानकारी डाक्ट सूर्य नारायण तिवारी मानस कोकिल ने दी है।




### प्रा. वि. लालापुर में कोविड-19 का टीकाकरण संपन्न

**लालापुर।** प्राथमिक विद्यालय लालापुर में गुरुवार को कोविड-19 का टीकाकरण किया गया। इस दौरान वीडिओ वीडिओ शंकरगढ़ अमित मिश्रा ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोविड-19 के खिलाफ जंग में वैक्सीन एक सुरक्षा कवच है। वैक्सीनेशन के दो फायदे हैं, एक तो ये आपको कोविड-19 के संक्रमण से बचाती है, दूसरा ये इस वैश्विक महामारी को फैलने से रोकती भी है। वैक्सीन आपके शरीर को किसी संक्रमण से बचाती है। वायरस, गंभीर बीमारी या पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही बीमारी से लड़ने में आपकी सहायता करती है। इसे लगाने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। इससे आप बीमारी से लड़ने में कामयाब होते हैं। वैक्सीन लगाने से इम्यून सिस्टम संक्रमण को पहचानने के लिए बूस्ट करता है... उसके खिलाफ शरीर में एंटीबॉडी बनते हैं जो बाहरी बीमारी से लड़ने में हमारे शरीर की मदद करते हैं और हम बीमारी की चपेट में आने से बच जाते हैं।लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना वजह घर से नहीं निकलें, मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करते रहे 'दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी' ।इस मौके वीडिओ शंकरगढ़ अमित कुमार मिश्रा, लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय,रोजगार सेवक कमलेश कुमार, सुरेन्द्र शुक्ला समाजसेवी, एनम गीता सिंह,सरोज पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय, बबलू पाण्डेय सहित अन्य कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अपना दल संभावित प्रत्याशी ने किया जन संपर्क

**कोराव।** अपना दल के संभावित प्रत्याशी विनोद कुमार चंद्रा ने कोराव विधान सभा के विभिन्न इलाकों में लोगों से जा कर संपर्क किया। श्री चंद्रा ने कहा कि यदि पार्टी ने भाजपा अपना दल गठबंधन से टिकट दिया तो निश्चय ही इलाके का चहुमुखी विकास करूंगा,और सभी का सम्मान रखूंगा। श्री चंद्रा अपना दल एस के जिला प्रयागराज के उपाध्यक्ष तथा भारतीय सुदर्शन समाज युवा मंच के महा सचिव भी हैं। उन्होंने देवगाट तिराहे पर अपने पार्टी के अनस और अन्य लोगों से मिल बैठ कर चचाएं की।

### जनसंपर्क कर भाजपाइयों ने मांगा आशीर्वाद

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने बारा विधान सभा मे जसरा शक्तिकेन्द्र मनकवार के बूथ सख्यां 62,63,64 मे जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला,कल्पना शुक्ला आदि के साथ केंद्र सरकार के लाभार्थियों से सम्पर्क कर सरकार की उपलब्धियां गिनाया। इसी तरह यमुनापार के 1562 बूथो पर कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क कर 2022 मे पुनः भाजपा की सरकार बनाने का लाभार्थियो से आशीर्वाद माँग रहे है।

# अधिकारियों की लापरवाही का दंश झेल रहे हैं नैनीवासी

अखंड भारत संदेश

## वर्षों से गन्दे नाले के पानी में चलने को मजबूर हैं लोग

**नैनी।** ऊंची दुकान फीकी पकवान में पकवान तो थी ही भले ही वह कम मीठी हो लेकिन प्रदेश सरकार के दावों की पोल खोलता नैनी का लोकपुर खरकौनी मार्ग बेहतर के बजाय बदतर होकर आम नागरिकों को गड्ढायुक्त-नालायुक्त सड़क का उपहार दिया है।

जानकारी के अनुसार अरैल संगम तट से महज 1 किमी पर स्थित नैनी लोकपुर-खरकौनी मार्ग जोकि आम नैनीवासियों का एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सड़क मार्ग है वह विगत 2 वर्षों से गड्ढायुक्त-नालायुक्त बन गया है। दुखद है कि ऐसे अनेकों अनगिनत गड्ढे में तब्दील सड़कें प्रयागराज में हैं लेकिन सूबे की सरकार में 11 में से 8 विधायक, 2 में पूरे 2 सांसद, 1 डिप्टी सीएम, 2 कैबिनेट मंत्री देने वाले प्रयागराज महानगर की यह दुर्दशा है तो आम जनता के प्रति जन प्रतिनिधियों, कर्मचारियों, अधीकारियों व विभाग की कार्य प्रणाली क्या है यह आसानी से न सिर्फ समझा बल्कि साक्षात देखा जा सकता है। बहरहाल प्रयागराज के शहर दक्षिणी विधानसभा के इस विशेष गड्ढ़ेयुक्त नाले में तब्दील सड़क के आस-पास के लगभग 1500 प्रभावित परिवार अपने दरवाजे पर 5 साल में मात्र 1 बार केवल वोट मांगने आने वालों पर सवालों की बौछार को तैयार हैं।



इसी गंदे नाले के पानी से होकर जाने को मजबूर लोग

### वैक्सीन की दूसरी डोज के लिए लोगों को किया गया जागरूक

**करछना।** मुंगारी गांव में उप केंद्र रामपुर गुरुवार को टीकाकरण का अभियान लगाया गया 100 लोगों को दूसरा डोज लगाया गया और पहला डोज 10 लोगों को लगाया गया। इसमें मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहुओं से कोरोना टीकाकरण कि दूसरे डोज के बारे घर घर जाकर लोगों जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में मौजूद रहे एनम सबिता अनुराग पांडे,सुकुमारी उर्मिला आशा, गगन राकेश तिवारी के अंतर्गत वैक्सीनेशन लगाया गया। इसी प्रकार क्षेत्र के पूर्वा खास में गुरुवार को कोटेदार हरिकरन सिंह के यहां टीकाकरण का चलाया गया जिसमे 20 लोगों को पहला डोज और दुसरी डोज के लिए 35 लोगों को लगाया गया। मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहुओं ने घर घर जाकर लोगों जागरूक किया। बैठक में एनएम संगीता पटेल, ग्राम प्रधान उमाशंकर भारतीया ने सभी को जागरूक होने के साथ तीसरी लहर से बचने पर जोर दिया। इस मौके पर तनवीर फातिमा आशा, रेनू सिंह आशा, रुकीना बानो आशा, आंगनबाड़ी मुनव्वर सुल्ताना, प्रमोद कुमार चौधरी, प्रवीण कुमार, माहेश्वरी गीता सविता,बृजेश कुमार,आनंद गौतम,सुब्रत सिंह उर्फ बाबा आदि ग्राम सभा के लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में किया गया टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**जारी।** कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसी परिस्थितियों में हमें घबराना नहीं बल्कि सतर्क रहना है ।कोरोना से डरे नहीं इससे खुद बचने और दूसरों को बचाने का सबसे सरल तरीका यही है कि एक दूसरे से 2 गज की दूरी बनाए रखें और साफ सफाई का पूरा ख्याल रखें इसके साथ ही सभी लोग टीके की सभी डोज अवश्य लगवाएं जसरा ब्लाक के नोडल अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे स्पेशल डीव मेगा कैंपों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जारी के कृषक इंटर कॉलेज, जवाहर इंटर कॉलेज सहित कई गांवों में जहां जादे डीव बचे हुए हैं वहां पर स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है यह टारगेट दिया गया उस गांव में 15 से 18 और 18 से ऊपर 60 साल के लोगों को तीन दिन के अंदर सन्तरित कर दिया जाए ताकि हमारा एक दिन का लक्ष्य दो लाख कवर हो सके ताकि एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचा जा सके कोरोनावायरस खांसने छींकने से निकली संक्रमित छोटी-छोटी बूंदों एवं संक्रमित सतहों को छूने से फैलता है। संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए मानव सतर्कता सावधानियां और स्वास संबंधित सावधानियां शामिल है और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीमा सिंह ने कहा कि सभी लोग मास्क पहन कर रखें घर से निकलते समय भीड़ भाड़ वाली जगह से बचें समय-समय पर हाथ को धूलते रहें। आवश्यक दूरी बनाकर रखें और सबसे महत्वपूर्ण बात कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की डोज अवश्य लगवाएं। कैंप में उपस्थित आशा संगिनी लवली वासु और मंजू सिंह ने लोगों को कोविड-19 की डोज लगाई।



## खबर संक्षेप

### रास्ते की जमीन को लेकर दोनों पक्षों ने किया धारदार हथियार से हमला

**लालापुर।** क्षेत्र के कचरा गांव में रास्ते की जमीन के विवाद को लेकर दो पट्टीदार आपस मारपीट कर लिए ।बताया जा रहा है की घाट के रास्ता बनाया गया था जिसमे एक पक्ष की जमीन घाट में गई थी दूसरे पक्ष की जमीन घाट में नहीं थी घाट में रास्ता कम पड़ने पर रास्ता और लेने के लिए रास्ता बनाया जा रहा थी की दूसरे पक्ष ने कहाँ की मेरे खेत से रास्ता नहीं जायेगा उसी बात को लेकर कहाँ सुनी हुई मामला इतना बढ़ गया कि मार पिट सुरु हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षों को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई और मेडिकल के लिए भेज कर शांति भंग की धारा में केस दर्ज कर चालान कर दिया । लालापुर थाना क्षेत्र के कचरा गांव निवासी शिद्ध नारायण दुबे और उनके पट्टीदार रमेश दुबे के बीच यमुना घाट की ओर जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद कई दिनों से चल रहा था । इसी रास्ते के विवाद को लेकर गुरुवार के दिन दोनो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई ।जिससे दोनों पक्ष के कई लोग चोटिल हो गए ।सूचना पर मौके पर पहुंचे एसओ लालापुर शेर सिंह यादव ने दोनो पक्ष के लोगों को थाने ले आये और मेडिकल के बाद शांति भंग की धारा में केस दर्ज कर चालान कर दिया।

# जिलाधिकारी ने माघ मेला क्षेत्र के प्रवेश द्वारों का किया निरीक्षण

**प्रवेश द्वारों पर थर्मल स्कैनिंग, मास्क तथा कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन किया जाये सुनिश्चित, मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : जिलाधिकारी**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को माघ मेला 2022 के स्नान के पूर्व माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों को कोविड के दृष्टिगत सारे प्रवेश द्वारों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डीपीआरओ एवं स्वास्थ्य विभाग के टीम को निर्देशित किया है कि आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों की थर्मलस्क्रीनिंग के द्वारा जांच किया जाये एवं बिना मास्क के मेला क्षेत्र में प्रवेश न दिया जाये। कोविड का प्रसार काफी फैल रहा है, इसलिए श्रद्धालुओं से अपील भी किया है कि मास्क एवं अगर इसके कोई लक्षण परिलक्षित होते है, तो सावधानी बरते। इसी क्रम में उन्होंने सिविल डिफेंस के पदाधिकारियों को ब्रीफ करते हुए कहा है कि प्रशासन के साथ आप लोग कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते है, वे निश्चित रूप से सराहनीय है और इस माघ मेला में आपका योगदान महत्वपूर्ण है। कोविड की चुनौती महत्वपूर्ण है। चिकित्सा की टीम ने अपना कार्य कर रही है तथा आप लोगो को ये ध्यान देना है कि मेला क्षेत्र में बिना मास्क प्रवेश न करने दिया जाये तथा रात्रि कर्फ्यू का पालन किया जाये तथा लोगो की सुरक्षा हमारी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर डीपीआरओ सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।



माघ मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित करते जिलाधकारी

### उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) 23 जनवरी रविवार को सूबे के सभी जनपदों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होगी। बृहस्पतिवार दोपहर बाद अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र निर्धारित वेबसाइट पर जारी कर दिए गए। यह परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। पहली पाली में प्राथमिक स्तर की परीक्षा सुबह 10 से 12:30 बजे तक जबकि दूसरी पाली में उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा दोपहर 2:30 से 05 बजे के बीच संपन्न होगी। पहली पाली की परीक्षा 2532 केंद्रों पर होगी, जिसमें 1291628 अभ्यर्थी शामिल होंगे। दूसरी पाली 1733 केंद्रों पर होगी, जिसमें 873553 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पिछली बार की अपेक्षा इस बार पहली पाली में 22 और दूसरी पाली में 14 केंद्र कम हो गए हैं।

गौरतलब है कि 28 नवंबर को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) 2021 पेपर आउट होने के कारण निरस्त कर दी गई थी। अब यह परीक्षा 23 जनवरी को है। जिले में इस परीक्षा के लिए पहली पाली में 183 केंद्रों पर होगी। प्राथमिक स्तर की परीक्षा में लगभग 84 हजार अभ्यर्थी हैं। दूसरी पाली की परीक्षा के लिए 132 केंद्र बनाए गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### डीसी मनरेगा ने बीडीओ के साथ किया कोविड टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण



**फूलपुर।** शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जनपद स्तरीय अधिकारी विभिन्न ब्लाकों का भ्रमण कर कोविड टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण कर रहे हैं। गुरुवार को डीसी मनरेगा कपिल कुमार ने बीडीओ फूलपुर प्रवीणानन्द के साथ वीरकाजी गांव में लगे टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने टीकाकरण केन्द्र पर कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य शत प्रतिशत वैक्सीनेशन करने का है इसलिए इस काम में शिथिलता न बरती जाए। 15 से 18 वर्ष के युवाओं के टीकाकरण की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि गांव में 15 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत पूरा कर लिया जाए। खण्ड विकास अधिकारी प्रवीणानन्द ने गांव में ब्यापक प्रचार-प्रसार कर टीकाकरण पूर्ण करवाने का निर्देश सम्बन्धित अधिनस्थों को देते हुए कहा कि कोविड टीकाकरण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण व देशहित में है इसलिए जिम्मेदारी पूर्वक इसका निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। मौके पर सचिव, प्रधानपति राम चन्द्र तुफानी, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक काशीनाथ, शोभनाथ, पंचायत सहायक,वैक्सीनेटर, सुपरवाइजर, आशा कार्यकत्री, आंगनबाड़ी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### निष्पक्ष एवं निडरता पूर्वक चुनाव कराने हेतु पुलिस बल ने किया फ्लैग मार्च



**लेडियारी।** उत्तर प्रदेश में चुनाव नजदीक आते ही चुनाव आयोग द्वारा प्रदेश भर में आचार संहिता लागू कर दिया गया है और बीते दिन शाम को पूरे प्रयागराज में धारा 144 लागू कर दी गई । आगामी दिनों में होने वाले चुनाव को निष्पक्षता एवं निडरता पूर्व कराने हेतु केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं खीरी थाना अध्यक्ष की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा लेडियारी बाजार, बहरैचा,खीरी बाजार,पौसाला बाजार,इटवा, जोरवट गोबरा,खपटिहा आदि प्रमुख जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया' फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस बलों को देखकर आम जनमानस में कानून व्यवस्था की मजबूती पर बल दिखा वहीं दूसरी ओर सीआरपीएफ टीम के प्रमुख रवि प्रताप व बैकुंठ नाथ पांडे द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग से होने वाले फायदे के बारे में भी लोगों को बतलाया गया ।वहीं दूसरी तरफ बिना मास्क लगाए बाजारों में आए लोगों में हड़कंप सा मच गया । वार्ता के दौरान बैकुंठ नाथ पाण्डेय ने बताया कि आगामी चुनाव को निष्पक्ष एवं निडरता पूर्वक कराना ही पहली प्राथमिकता है किसी को भी किसी भी प्रकार से डरने की जरूरत नहीं है हर व्यक्ति मताधिकार करने का अधिकारी है और अपनी इच्छा अनुसार ही वोट कर सकता है किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें । कल से संपूर्ण प्रयागराज में लगाए गए धारा 144 का पूर्णतया पालन कराना पहली प्राथमिकता होगी एवं लोगों से भी अनुरोध किया कि कहीं भी ज्यादा मात्रा में एकत्रित ना होवे और किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक बयान करने से बचें । उक्त टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल त्रिवेंद्र सिंह,अमरेश सिंह,रामतेज यादव, बरकत अली,

### सहसों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल व पुलिस प्रशासन ने किया रूट मार्च



**सहसों।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आचार संहिता के पालन हेतु सहसों बाजार में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कंपनी कमांडर सुधाकर एवं श्री निवास दुबे के नेतृत्व में सहसों पुलिस चौकी इंचार्ज दयाराम पुलिस बल के साथ सहसों चौराहे से बाईपास तक रूट मार्च निकाला गया। इस बीच केंद्रीय रिजर्व बल द्वारा लोगों से शांति पूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन कराने एवं चुनाव आचार संहिता का पालन तथा अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील किया। चौकी इंचार्ज का कहना है कि लोग शंतिपूर्ण तरीके से चुनाव में प्रचार प्रसार करें एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन की टीम मुस्तैद है। चौकी इंचार्ज ने क्षेत्र के बरिष्ठ समाज सेवियो, से मुलाकात कर चुनाव प्रक्रिया को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए अपील की। इस बीच कोरोना के मद्देनजर लोगों को मास्क एवम उचित दूरी बनाये रखने की भी अपील की।

## पत्रकारिता में हिंदी भाषा का बहुत बड़ा योगदान, सामाजिक लोकतंत्र बनाए रखने में पत्रकारिता की अहम भूमिका : शशांक श्रीवास्तव

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** कानपुर महानगर में स्वतंत्र मीडिया परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत में पत्रकारिता में हिंदी भाषा के योगदान की बात करते हुए कहा कि, हिंदी भाषा के बिना पत्रकारिता अधूरी पत्रकारिता जनमत के निर्माण के लिए एक प्राथमिक उपकरण है भाषा का पत्रकारिता के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान है। सामाजिक सरोकार जनहित के मुद्दों को प्रभावी सकारात्मकता के साथ आमजन को सुलभ तरीके से पहुंचाने में आज भी हिंदीभाषी पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका कायम है। दैनिक जीवन में हिंदी भाषा को बोलचाल के साथ ही आम व्यवहार में लाना जरूरी है। वहीं बदलते सामाजिक परिवेश में युवा वर्ग को भी अन्य भाषाई ज्ञान के साथ-साथ हिंदी को सर्वोपरि मानकर अध्ययनशैली में प्राथमिकता से अपनाना चाहिए। समाचार पत्रों को समाज का प्रतिदिन का दर्पण बताया। देश राज्य की खबरों के माध्यम से लोगों को अखबार ही सच्चा आईना दिखाते हैं,इसलिए खबरों में सरल हिंदी भाषा के साथ विश्वसनीयता भी जरूरी है। शशांक श्रीवास्तव ने सभी पत्रकारों को समाचार पत्रों के माध्यम से राष्ट्र हित में संगठित होकर कार्य करने पर जोर दिया पत्रकार हितों के मुद्दों पर काम करना है यह बात कहते हुए उन्होंने अपने बातों को विराम दिया इस दौरान संजय शुक्ला, जीतेन्द्र पांडे, गौरव शर्मा, शिव सिंह ,गोपाल सिंह, विनय पांडे अशरफ मंसूरी अभय सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।



### रेलवे अंडर पास के नीचे टाइम बम की सूचना पर दिल्ली-हावड़ा रूट पर रोका गया रेल यातायात, पुलिस मौके पर पहुंची

**प्रयागराज।** क्षेत्र के मेजारोड में स्थित रेलवे अंडरपास के नीचे टाइम बम रखे जाने की सूचना से हड़कंप मच गया है। मौके पर स्थानीय पुलिस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है। टाइम बम की तरह दिखने वाले इस डिवाइस में मीटर भी चल रहा है और लाइट भी जल रही है। उस बॉक्स के पास एक पत्र भी रखा है। पुलिस ने दिल्ली हावड़ा की रेल यातायात भी रोकवा दी है।

## मकर संक्रांति पर्व पर सूर्य देव की उपासना और दान-पुण्य कर श्रद्धालु कमाएंगे पुण्य

**महा पुण्य कालः दोपहर 02 बजकर 43 मिनट से शाम 04 बजकर 28 मिनट तक, कुल अवधि 01 घण्टा 45 मिनट की होगी**

(सुनील गिरि)

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति का त्योहार शुक्रवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा जाएगा। आज के दिन लोग सूर्य देव की उपासना और दान-पुण्य करते है। इस दिन खिचड़ी खाने का विशेष प्रचलन है एवं परंपरा चली आ रही है। वहीं तमिलनाडु में मकर संक्रांति को पोंगल के नाम से जाना जाता है। गुजरात और राजस्थान में मकर संक्रांति को उत्तरायण व हरियाणा और पंजाब में मकर संक्रांति को माघी के नाम से जाना जाता है। प्रयागराज के पावन पवित्र धरती पर संगम की रेत में तंबुओं की नगरी में कल्पवास करने वाले भी बड़ी धूमधाम के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाते हैं। जबकि श्रद्धालु संगम सहित अन्य घाटों पर पहुंचते हैं और परंपरा के मुताबिक गंगा, यमुना का स्नान कर पुण्य कमाते हैं।

**शुभ मुहूर्त :** मकर संक्रांति इस साल 14 जनवरी के दिन मनाई जाएगी। मकर संक्रांति पुण्य कालः दोपहर 02 बजकर 43 मिनट से लेकर शाम 05 बजकर 45 मिनट तक, कुल अवधि - 03 घण्टे 02 मिनट की है। मकर संक्रान्ति का

**महा पुण्य कालः** दोपहर 02 बजकर 43 मिनट से शाम 04 बजकर 28 मिनट तक, कुल अवधि - 01 घण्टा 45 मिनट की है।

**पूजा विधि :** मकर संक्रांति के दिन शुभ मुहूर्त में पानी में काला तिल, हल्का गुड़ और गंगाजल मिलाकर स्नान कर लें। इसके बाद साफ वस्त्र धारण करें और एक तांबे के लोटे में पानी भर लें। अब उसमें काला तिल, गुड़, लाल चंदन, लाल पुष्प, अक्षत आदि मिला लें। इसके बाद सूर्य देव को स्मरण करके उनके मंत्र का जाप करें। फिर उनको जल अर्पित कर दें। सूर्य देव की पूजा के बाद शनि देव को काला तिल अर्पित करें।

**मकर संक्रांति पूजा मंत्र :** मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव की पूजा के दौरान सूर्य देव के मंत्र ॐ सूर्याय नमः, ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय नमः, ॐ ऐहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजो राशे जगत्पते, अनुकंपयेमां भक्त्या, गृहाणार्घय दिवाकरः का जाप कर सकते हैं।

## प्रयागराज में महिला पुलिस कर्मियों को अवकाश के लिए दरकार

**दूधमुंहे बच्चों को लेकर करेंगी, अपने कर्तव्यों का पालन, बच्चों की देखभाल के लिए भी प्रयागराज में महिला आरक्षियों को नहीं दी जा रही है अवकाश, अधिकारी अपने मन मुताबिक अवकाश देने के लिए कर रहे हैं बाध्य**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस अपने आप में ही प्रसिद्धि प्राप्त है और ही प्रसिद्धि प्राप्त होने से भी एक कदम दूर है, लेकिन उसको भी प्राप्त करने के लिए निकट पहुंच चुके हैं। मामला उत्तर प्रदेश पुलिस से जुड़ा हुआ है। गौरतलब हो कि उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का पालन करने में जुटे हुए हैं। वहीं शासनादेश के मुताबिक महिला आरक्षी जो शादीशुदा हो उन्हें विशेष परिस्थितियों से लेकर अन्य में भी वरीयता दी गई है। इसी प्रकार का मामला प्रयागराज जिले का सामने प्रस्तुत हो रहा है। प्रयागराज जिले में दर्जनों थाना क्षेत्र स्थापित हैं। उन थाना क्षेत्रों से जुड़े महिला आरक्षियों के भी तैनाती हुई है। कई महिलाओं ने अपने मासूम दूधमुंहे बच्चों की देखभाल के लिए अवकाश प्रदान करने के लिए आला अधिकारी के पास लिखित गुहार लगाई है, लेकिन चुनाव आचार संहिता से पूर्व गुहार लगाने के बाद भी उन महिला आरक्षियों पर कोई रहम नहीं किया गया। उन्हें अवकाश प्रदान नहीं किया गया। अब सवाल उठता है कि क्या महिला आरक्षी अपने दूधमुंहे बच्चों को साथ में लेकर आगामी विधानसभा के चुनाव में ड्यूटी करेंगी। यह एक सोचनीय वाली विषय का केंद्र बन चुका है। फिर भी आला अधिकारी अपनी शान बनाने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। जबकि शासनादेश है कि महिला आरक्षी हो या महिला सब इंस्पेक्टर हो महिलाओं से जुड़े कोई भी कार्य जो उन्हें प्राप्त हैं। उन्हें हर हाल में प्राप्त कराया जाए, लेकिन प्रयागराज जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तो अलग ही खेल चल रहा है। सूत्रों पर यदि यकीन करें तो डाक विभाग में तैनात बड़े बाबुओं की कारस्तानी भी किसी से छुपी हुई नहीं है। हालांकि पूरा मामला जांच पड़ताल के बाद ही संबंधित विभागीय लोगों के साथ ही आम लोगों के सामने प्रस्तुत हो सकते हैं।

## आवेदन की तिथि से नहीं आदेश की तिथि से होगा रखरखाव का भुगतान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत रखरखाव (भरण पोषण) का भुगतान आदेश की तिथि से किया जाएगा न कि आवेदन की तिथि से। सीआरपीसी की धारा 125 की तुलना मोटर दुर्घटना दावा से नहीं की जा सकती है। मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम के अंतर्गत याची को दावे का भुगतान आवेदन की तिथि से दिया जा सकता है, लेकिन सीआरपीसी की धारा 125 में यह व्यवस्था नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति ओम प्रकाश त्रिपाठी ने प्रतिमा सिंह की दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर उसे खारिज करते हुए दिया है।

याची ने परिवार न्यायालय मिजार्पुर के 18 अप्रैल 2016 के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक साथ दो याचिका दाखिलकर दो मांग की थी। पहला, परिवार न्यायालय द्वारा रखरखाव के लिए निर्धारित किए गए दो हजार रुपये की राशि को कम बताते हुए उसे आठ हजार रुपये किए जाने और दूसरा, रखरखाव का भुगतान आवेदन की तिथि से किया जाए। याची ने परिवार न्यायालय के समक्ष 24 मार्च 2010 से ही आवेदन किया था।परिवार न्यायालय ने 18 अप्रैल 2016 को आदेश पारित कर याची को उसके पति से प्रतिमाह दो हजार रुपये रखरखाव का भुगतान करने का आदेश दिया था। परिवार न्यायालय ने यह भुगतान आदेश की तिथि से करने के लिए किया था। याची के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि परिवार न्यायालय मिजार्पुर ने मामले में तथ्यों और साक्ष्यों को नजरअंदाज कर एकतरफा फैसला दिया।

### दो हजार रुपये प्रतिमाह देने का आदेश

याची का तर्क था कि उसका पति जो कि इस मामले में प्रतिवादी है, वह दिल्ली में रहकर एक प्राइवेट जाब कर रहा है और उसे हर महीने 15 हजार रुपये कमा रहा है। लिहाजा, उसे रखरखाव के लिए आठ हजार रुपये प्रतिमाह दे। लेकिन, कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि प्रतिवादी की आय इतनी नहीं है। इसलिए निचली अदालत ने उसकी प्रतिमाह आय छह हजार रुपये मानकर याची को रखरखाव के लिए दो हजार रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा कि याची प्रतिवादी की मासिक आय 15 हजार रुपये होने की बात को सिद्ध नहीं कर सकी। प्रतिवादी के अधिवक्ता ने रजनीश बनाम नेहा व अन्य और कुर्वान अंसारी उर्फ कुर्वान अली बनाम श्याम किशोर मर्मु व अन्य केस का हवाला देते हुए बताया कि रखरखाव का भुगतान आदेश की तिथि से किए जाने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने भी दिया है। कोर्ट ने तमाम तथ्यों को देखते हुए याची की दोनों याचिका को खारिज कर दिया और रखरखाव का भुगतान आदेश की तिथि से करने का आदेश दिया।

## समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे समाजसेवियों का हुआ सम्मान

**नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से हुआ आयोजन, 15 विभूतियों को रत्न ए अवध सम्मान एवं 101 समाजसेवियों को मिला छत्रपति शाहूजी महाराज सम्मान**

अखंड भारत संदेश

**लखनऊ।** सामाजिक संस्था नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह के अंतर्गत गुरुवार को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 विभूतियों को रत्न ए अवध सम्मान से नवाजा गया एवं समाज सेवा क्षेत्र में कार्यरत 101 समाजसेवियों को छत्रपति शाहूजी महाराज सम्मान से सम्मानित किया गया। रत्न ए अवध सम्मान से सम्मानित विभूतियों में अपर पुलिस उपायुक्त स्वेता श्रीवास्तव ,डॉ अर्चना कनौजिया वरिष्ठ चिकित्सक, अर्चना सिंह सेंटर प्रभारी वन स्टॉप सेंटर 181,विशाल सिंह फूडमैन ,वर्षा वर्मा,मनोज सिंह चौहान,मोहित सिंह चौहान,मोहित बजाज,नीमा पंत,राखी सिंह,डिंपल दत्ता,दिनेश शुक्ल, मोहम्मद सैफ आदि सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुरेश चंद्र तिवारी विधायक कैंट, एवं एस०आर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर के चतुर्वेदी (पूर्व आई जी उत्तर प्रदेश पुलिस),राहुल गुप्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, एसएम कासिम आब्दी (आइपीएस) अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी, नम्रता पाठक समाज सेविका, नटवर गोयल व्यवसायी व विशिष्ट अतिथि के रुप में समीर शेख,डॉ संदीप शाही,डॉ. राजेश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, सुजीत मिश्रा, साकेत शर्मा, योगेंद्र भल्ला, मुकेश मिश्रा,एस के वर्मा ,शिवपाल सांवरिया ,अभिषेक खरे,रामकुमार वर्मा,नमिता जैन गुप्ता ,पीयूष कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे। नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्षा गुंजन वर्मा ने बताया कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को संस्था प्रत्येक वर्ष सम्मानित करती है जिसका मुख्य ध्येय लोगों को समाज के प्रति अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना होता है। संस्था के सदस्यों में मुख्य रुप से सीमा राय,मोना वर्मा ,रोली जयसवाल , नीलम सिंह,कृतिका राय ,जानवी वर्मा , आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का कुशल संयोजन व नेतृत्व अरुण प्रताप सिंह एवं डॉ. नीतिका सिंह गौर ने किया एवं मंच संचालन प्रदीप शुक्ला व मनीष पंडित ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति सरिता सिंह के कुशल निर्देशन में हुई। सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोशल एक्टिविस्ट अंजली पांडेय एवं माँ गायत्री जन सेवा संस्थान के सांस्कृतिक प्रभारी विजय गुप्ता के साथ अन्य विशिष्ट लोग मौजूद रहे।



रत्न ए अवध व छत्रपति शाहूजी जी महाराज सम्मान से सम्मानित समाजसेवी



## मॉ सेवा संस्थान के सदस्यों ने वितरित किया गरीबों को कंबल

**करछना।** तहसील क्षेत्र के रोकडी गांव में सामाजिक सरोकार के कार्य में गरीबों की मदद् करने वाली संस्था मॉ सेवा संस्थान के अध्यक्ष विनायक पंडित नें अभियान चला कर आस पास के गावों में गरीब बुजुर्गो को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित कर उन्हे राहत पहुचाने में मदद् करते हुए माँ सेवा संस्थान परिवार के सदस्य साहिल अंसारी के द्वारा ग्राम सभा कल्यान साह का पूरा खाईं में दर्जनों की संख्या में गरीब व असहाय लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया गया ।कंबल पाकर लोगों ने संस्थान के कार्यों की सराहना की ।

### प्रो. नागभूषण ने दिया इस्तीफा

**प्रयागराज।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर पी नागभूषण ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। शिक्षा मंत्रालय को भेजे पत्र में उन्होंने आग्रह किया है कि 18 फरवरी, 2022 तक उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाए, ताकि वह आंध्र प्रदेश स्थित विज्ञान विश्वविद्यालय के नए कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर सकें । प्रो नागभूषण का पांच साल का कार्यकाल 19 मई 2022 को पूरा हो रहा है। उन्होंने 19 मई 2017 को ट्रिपलआईटी के तीसरे निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला था।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बृजेश गिरी मेरे घर का नाम आर्यन गिरी है व शैक्षिक अभिलेखों में प्रार्थी का नाम बृजेश गिरी अंकित है त्रुटि वश प्रार्थी के पैन कार्ड पर घर का नाम आर्यन गिरी अंकित हो गया है। दोनों नाम प्रार्थी का ही है। भविष्य में मुझे बृजेश गिरी पुत्र श्री चंद्रशेखर गिरी के नाम से जाना व पहचाना जाए। जन्म तिथि 1.04.1997 गलत अंकित हो गया है जबकि प्रार्थी की सही जन्म तिथि 1.7.1994 है।

बृजेश गिरी पुत्र चंद्रशेखर गिरी गांव बभनपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी उत्तर प्रदेश।

# कोविड-19 के होम आइसोलेशन के मरीजों से नियमित सम्पर्क बनाएं : मण्डलायुक्त

## ट्रामा सेन्टर व इन्टीग्रेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त प्रयागराज/नोडल अधिकारी संजय गोयल ने जिले में कोविड-19 महामारी से निपटने की तैयारियों/ व्यवस्थाओं की जानकारी हेतु ट्रामा सेन्टर रानीगंज, इन्टीग्रेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर का निरीक्षण किया तथा ग्राम पंचायत लच्छीपुर में निगरानी समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। ट्रामा सेन्टर रानीगंज के निरीक्षण के समय अधीक्षक ट्रामा सेन्टर डा0 रजनीश प्रियदर्शी द्वारा पीकू वार्ड, प्रिवेन्टिव कोविड वार्ड तथा आईसीयू बेड की व्यवस्था, आक्सीजन कन्सनट्रेटर एवं दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। मण्डलायुक्त ने आक्सीजन कन्सनट्रेटर मशीन को आपरेट करने के सम्बन्ध में स्टाफ नर्स शोभा से जानकारी ली तो स्टाफ नर्स द्वारा पूरी तरह भिज्ञ न होने के कारण मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि आक्सीजन प्लान्ट एवं आक्सीजन कन्सनट्रेटर के प्रयोग एवं संचालन हेतु किसी भिज्ञ



ट्रामा सेंटर का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त संजय गोयल।

तकनीकी अधिकारी द्वारा स्टाफ को पूरी तरह प्रशिक्षित किया जाये ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका बेहतर प्रयोग किया जा सके। मण्डलायुक्त ने ट्रामा सेन्टर में चल रहे 15 से 18 वर्ष व्यक्तियों के चल रहे टीकाकरण कक्ष का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के समय तक 202 व्यक्तियों को टीकाकरण किया गया था। मण्डलायुक्त ने पीकू वार्ड में बिजली की व्यवस्था तत्काल कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, संयुक्त विकास आयुक्त मदन वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त प्रयागराज ने शिवगढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लच्छीपुर में निगरानी समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में ग्राम पंचायत में कोविड-19 के प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज के टीकाकरण में अच्छी प्रगति पाये जाने पर ग्राम प्रधान राम प्रकाश गुप्ता एवं ए0एन0एम0 सोनू सिंह की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की।

मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी से अपेक्षा करते हुये कहा कि जनपद में जिन गांवों में अपेक्षाकृत टीकाकरण प्रथम एवं द्वितीय डोज टीकाकरण अपेक्षित स्तर पर नही किया जा सका है ऐसे 50 गांवों को चिन्हित कर उस ग्राम पंचायत में रहने वाले ए0एन0एम0 एवं आशा के माध्यम से कैम्प लगाकर शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए।

### सीएमओ कार्यालय का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त प्रयागराज ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में स्थापित इन्टीग्रेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि कमाण्ड सेन्टर में 03 शिफ्ट में डाक्टरों की ड्यिटी लगायी गयी है तथा चार टेलीफोन लाइने संचालन में है जिनके माध्यम से कोविड लक्षणयुक्त मरीजों के स्वास्थ्य की नियमित जानकारी ली जा रही है सीएमओ द्वारा बताया गया कि जनपद में 36 एक्टिव केस है जिसमें से 26 होम आइसोलेशन में है। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल, संयुक्त विकास आयुक्त मदन वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक आदि मौजूद रहे।

## तीन-तीन मंत्रियो के भाजपा से इस्तीफे दिखाता है अन्तर्विरोध का चित्रः प्रमोद

### कांग्रेस पहली राजनीतिक पार्टी बनीः मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने यूपी विधानसभा





चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्याशियों की सूची जारी करने को स्वागत योग्य करार दिया है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना तथा प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पहली राजनीतिक पार्टी बन गयी है जिसके तहत प्रत्याशियों की सूची जारी करने मे यूपी प्रभारी व पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने जो कहा था उसे यूपी की जनता के सामने सबसे पहले प्रत्याशियों को देने की वचनबद्धता को पूरा किया।

सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने मीडिया से वार्ता मे कहा कि प्रदेश मे तीन-तीन मंत्रियो के त्याग-पत्र से यह भी जग जाहिर हो गया है कि बुनियादी मुददो को सरकार की नाकामियो से बड़ी संख्या मे विधायक और मंत्री भाजपा की डूबती जहाज से कूदकर भाग रहें है। उन्होने कहा कि त्याग पत्र देने वाले मंत्रियो व विधायको को यह आभास हो गया है कि वह भाजपा के साथ अब डूबना नही चाहते। स्वामी प्रसाद मौर्य का त्याग पत्र देना प्रतापगढ़ व रायबरेली जनपद मे भाजपा को बड़ा नुकसानदेह साबित होगा। वहीं प्रमोद तिवारी के मुताबिक स्वामी प्रसाद मौर्य प्रदेश सरकार के वरिष्ठतम मंत्री थे और उनके समर्थको की संख्या काफी अधिक थी जिसके चलते पिछले चुनाव मे मौर्य के फैक्टर ने भाजपा की बड़ी मदद की थी।

# मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्या के भाजपा छोड़ने पर उनके गृह जनपद में कोई असर नहीं

## स्वामी प्रसाद ने अपना कार्यक्षेत्र जिले से बाहर अन्य जनपदों में बनाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के बाघराय क्षेत्र के चकवढ़ गांव में जन्मे कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्या का गृह क्षेत्र भले बेल्हा रहा हो, लेकिन उन्होंने प्रतापगढ़ के राजा महाराजाओं की धरती पर राजनीति नहीं की बल्कि पड़ोसी जनपद ऊंचाहार में अपनी बसपा से राजनीति शुरू की और फिर बसपा में प्रदेश अध्यक्ष व कद्दावर नेता बने और 2017 के पहले बसपा से मोह भंग कर भाजपा में शामिल हो गये और यहां पर भी वह एक वरिष्ठ मंत्री के रुप में जाने जाते थे।



स्वामी प्रसाद मौर्या।

स्वामी प्रसाद मौर्य की एक बेटी भी भाजपा की सांसद है लेकिन इस कद्दावर नेता के भाजपा छोड़ने पर प्रतापगढ़ में चर्चा भले कुछ लोग करें लेकिन कोई राजनैतिक उठापटक नहीं है। भाजपा से उनकी नाराजगी के बारे में चर्चा है कि वह अपने पुत्र के लिये फाफामऊ से टिकट लेना चाहते थे लेकिन भाजपा द्वारा सहमति न बनने पर वह बेहद नाराज होकर भाजपा को सबक सिखाने की चुनौती दे रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या जमीनी नेता हैं।

उनके भाजपा छोड़ने से कुछ जिलो में नुकसान हो सकता है लेकिन भाजपा इसकी भरपाई कैसे करेगी? यह तो समय ही बताएगा क्योंकि भाजपा भी उत्तर प्रदेश के चुनाव को बहुत गंभीरता से ले रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को मजबूत करने के लिये हर हथकण्डा अपना रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या के गृह गांव चकवढ़ में उनके बड़े भाई सालिक राम मौर्या रहते हैं जो बेसिक शिक्षा परिषद के सम्मानित अवकाश प्राप्त शिक्षक हैं। बसपा शासन में स्वामी प्रसाद मौर्या के भतीजे प्रमोद मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष बने थे। स्वामी प्रसाद मौर्या चकवढ़ गांव में खुशी व गम में जरुर आते थे लेकिन उन्होंने बेल्हा को अपना कार्यक्षेत्र नहीं बनाया। उनका कार्यक्षेत्र ऊंचाहार, कानपुर, बिल्लौर आदि क्षेत्रों में रहा।

### बीमारी से तंग वृद्ध ने की आत्महत्या

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बीमारी से तंग आकर वृद्ध ने आत्महत्या कर ली। जेठवारा थाना के महमूदपुर निवासी स्व. छेदीराम का पुत्र भइया राम गुप्ता 60 पिछले कुछ वर्षो से गंभीर रूप से बीमार था। अविवाहित भइयाराम इस समय लालगंज कोतवाली के इटैला गांव मे अपने बहनोई अमृतलाल के घर रह रहा था। गुरूवार की सुबह भइयाराम ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक के बहन के घरवालों ने बताया कि भइयाराम का इधर पांच वर्षो से इलाज चल रहा था। हालांकि कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि पीएम रिर्पोट आने के बाद जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे स्टेशन पर फूटा कोरोना बम, मचा हड़कंप

### सहायक लोको पायलट की कोरोना पॉजिटिव आई रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन का सहायक लोको पायलट कोरोना पॉजिटिव मिला है। उसका एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव आया है। आरटीपीसीआर जांच के लिए भेजा गया है। जानकारी मिलते हो लाबी और स्टेशन पर कर्मचारियों के बीच हड़कंप है। इस बार की लहर में प्रतापगढ़ रेल महकमे का यह पहला केस है। फिलहाल लोको पायलट ने स्वयं को आइसोलेट कर लिया है। इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सहायक लोको पायलट कुछ दिनों से खांसी जुकाम से पीड़ित था। गुरुवार को उसने अपना टेस्ट कराया। बताया जाता है कि उसका एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव आया है। उसने यह बात क्रू कंटोलर और लाबी के साथियों को दी। लाबी से मिली जानकारी के अनुसार लोको पायलट अभी नया आया है। रूट की जानकारी ले रहा है। वह बराबर लाबी आ रहा है काम कर रहा है। रिपोर्ट आने के बाद अब लाबी के साथ जिन जिन और लोगों के संपर्क में वह आया है। सभी अपनी जांच करवा रहें हैं। एसएस का कहना है कि असिस्टेंट लोको पायलट को आइसोलेशन में भेज दिया गया है।

लाबी और अन्य कर्मचारियों से टेस्ट कराने को कहा गया

### सरयू नगर कुण्डा को अस्थाई रूप से किया सील

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) की जांच में सरयू नगर कुण्डा में ललित किशोर के कोरोना पॉजिटव पाये जाने के दृष्टिगत कोविड-19 के फैलाव को रोकने एवं बचाव व नियंत्रण हेतु सरयू नगर 25 मीटर की परिधि में 14 दिवस तक अस्थाई रूप से सील कर दिया है एवं परिसर में प्रवेश व निकास एवं वाहनों के संचालन को (अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर) प्रतिबंधित कर दिया है।

## मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण में दी गई जानकारी

### अफीम कोठी में हुआ प्रशिक्षण



मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण की जानकारी देते अधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ नितिन बंसल के आदेश के क्रम में एवं मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण ईशा प्रिया के निर्देश के क्रम मे विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल सफलता पूर्ण एवं निष्पक्षता पूर्ण संपन्न कराने के लिए आयोजित दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर सामान्य एवं एवं ईवीएम का प्रशिक्षण के अंतिम दिन जनपद के अफीम कोठी में किया गया।

इस दौरान शिव प्रकाश आचार्य ग्राम विकास संस्थान अफीम कोठी ने जानकारी दी।प्राचार्य आईटीआई गुंजन गुप्ता ने कहा कि इस प्रशिक्षण को आप पूरी गंभीरता से लें। प्रशिक्षण की सभी बारीकियों को अच्छी तरह से समझ लें ताकि मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने में में आपको परेशानी ना हो। मास्टर ट्रेनर डॉ मोहम्मद अनीस ने सामान्य प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा पीपीटी के माध्यम से की। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नंद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बड़ौदा प्रतापगढ़ तकनीकी सहायक के रूप में जयप्रकाश चैधरी एवं प्रशिक्षण से संबंधित सभी अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# बिना मास्क ओपीडी में पहुंच रहे मरीज, डॉक्टर खौफजदा

## कोरोना गाइड लाइन का लोग नहीं कर रहे पालन, अगर ऐसा ही चलता रहा तो बंद हो सकती है ओपीडी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बिना मास्क के अस्पताल में घूम रहे मरीजों से कोरोना संक्रमण की आशंका मात्र से डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ सहमा हुआ है। लोगों की लापरवाही कहीं इन पर भारी न पड़ जाय। अगर ऐसा हुआ तो ओपीडी में कभी भी ताला लग सकता है। राजा प्रताप बहादुर महिला और पुरूष दोनो अस्पतालों की कमोवेश स्थिति यही है। ओपीडी में आने वाला मरीज, तीमारदार में से अधिकांश बिना मास्क के घूम रहे हैं। इन्हें न तो कोरोना का भय है न ही ओमिक्रोन का। ओपीडी के सामने लाइन नहीं भीड़ लगती है। सोशल डिस्टेंसी की धज्जियां उड़ा रहे हैं। खास बात यह है कि ओपीडी के सामने लगाये गये सुरक्षा गार्ड भी किसी को रोकटोक नहीं



बिना मास्क के ओपीडी में मौजूद मरीज।

करते हैं। डॉक्टर और स्टाफ भी बिना मास्क मरीजों को देखने के लिए मजबूर हैं। वे मना नहीं कर सकते है। ओपीडी के डॉक्टर और जांच से जुड़े पैरामेडिकल स्टाफ नर्स कोरोना संक्रमण को लेकिन सशंकित हैं। उनका मानना है कि इस तरीके से बेरोकटोक अस्पताल में आने वाले मरीज और उनके साथियों से संक्रमण हो सकता है। भीड़ में यह पता नहीं चलता है कि कौन पॉजिटिव है। जानकारों का मानना है कि अस्पताल वालों को भी लोगों को जागरूक करना होगा। साथ में सख्ती भी बरतनी पड़ेगी। काउंटर पर मास्क वाले को ही पर्चे में प्राथमिकता दी जाये। ओपीडी के सामने मरीजों की लाइन लगे। डॉक्टर मास्क वाले मरीजों को प्राथमिकता से देखें। सुरक्षा गार्ड को भी इसके लिए जिम्मेदार बनाया जाये। वह बिना मास्क वालों पर नजर रखे। अगर ऐसी व्यवस्था बन जाय तो काफी संख्या में लोग मास्क लगाने को मजबूर हो जायेंगे। आदत बना लेंगे। इस संबंध में अस्पताल के सीएमएस डॉ सुरेश सिंह का कहना है कि कोरोना गाइडलाइन का पालन कराया जा रहा है। मरीजों को भी मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें मरीजों और उनके तीमारदारों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है। इस संबंध में मेडिकल कालेज के प्राचार्य, चिकित्सक और स्टाफ से वार्ता करेंगे।

### पूर्व विधायक पर आचार संहिता का उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज

**प्रतापगढ़।** डकैत ददुआ के भतीजे सपा नेता व पूर्व विधायक राम सिंह पटेल पर आचार संहिता के उल्लंघन की एफआई आर दर्ज हुई है। पट्टी विधान सभा क्षेत्र में बगैर परमिशन चुनावी सभा करने पर राम सिंह पटेल समेत उन्नीस नामजद हुए है। बता दें कि कंधई थाना इलाके के जोगीपुर इनरिया में हुई चुनावी सभा में बांटी गयी प्रचार सामग्री के दौरान यह कार्यवाही की गई है। इसके पहले रानीगंज क्षेत्र में पहले ही सपाइयों पर चार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज है।

## पुलिस ने पकड़ा गोवंश से भरा ट्रक, चार मृत जानवर मिले

**अखंड भारत संदेश**

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** पशु तस्कर ट्रक पर भूसे की तरह जानवरों को भरकर भागने की फिराक में थे। इसी बीच गश्ती पुलिस मौके पर पहुंच गई। यह देख पशु तस्कर व ट्रक चालक जानवरों से भरा ट्रक छोड़ कर भाग निकले। पुलिस ने जानवरों से भरा ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस थाने पहुंचा दिया जहां ट्रक पर लड़े 20 पशुओं में से 4 मृत पाए गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर

### बचे जानवरों को भेजा गया पशु निरोधालय



पुलिस द्वारा बरामद किये गये गोवंश।

पशुओं को पशु निरोधालय में डलवा दिया गया तथा मृत जानवरो को जमीन में गडवा दिया।बता दें कि जेठवारा थाना क्षेत्र की पुलिस रात्रि गश्त पर लक्ष्मीगंज की ओर थी भोर में जब उपनिरीक्षक रविकुमार यादव अपने हमराहियों के साथ सराय नाहर राय गांव के पास पहुचे तो देखा कि एक ट्रक पर जानवर लाद कर उसे बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस को देख तस्कर ट्रक चालक के साथ ट्रक छोड़ भाग निकले। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया और उसे थाने में ले गए। जहां पुलिस ने देखा कि ट्रक पर कुल 20 जानवर लदे हुए थे जिनमें 16 बैल व 4 गाये लदी हुई थी, जिनमें 4 जानवर मृत पाए गए। पुलिस ने मृत पशुओं को दफन करवाया और अन्य पशुओं को कांजी हाउस में निरुद्ध करवा दिया। इस मामले में पुलिस ने बताया कि अज्ञात पशु तस्करों पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

### विवाहिता ने की आत्महत्या, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों मे विवाहिता ने कुंए मे कूदकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली के कटैया नेवादा निवासी आंनद यादव की पत्नी रीता यादव 20 ने गुरूवार को दिन मे समीप के कुंए मे कूदकर जान दे दी। मृतका के एक पुत्र शिवांश डेढ़ वर्ष का है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव का पंचनामा कर शाम जिला मुख्यालय भेजवाया। कोतवाल का कहना है शव पीएम के लिए भेजा गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रसव पीड़िता ने एम्बुलेंस में बच्चे को दिया जन्म, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

**प्रतापगढ़।** जेठवारा कोतवाली क्षेत्र के सराय बाबू गांव की महिला को प्रसव पीड़ा हुई। आनन-फानन में एंबुलेंस को फोन किया गया। एंबुलेंस पहुंची और प्रसव पीड़ित महिला को हॉस्पिटल के लिए लेकर चली। इसी दौरान रास्ते में ही महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया। बता दें कि अंकिता पत्नी रमेश निवासी सराय बाबू ने एंबुलेंस से पीएचसी मांधाता सरकारी हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में अचानक महिला को दर्द बढ़ गया। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन इस्माइल खान और पायलट मोहम्मद यासीन मंसूरी के द्वारा रास्ते में प्रसव कराया गया।

### मालती इंटर कालेज में हुआ छात्र-छात्राओं का हुआ टीकाकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मालती इंटर कालेज में 15 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राओं का टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीकाकरण का शुभारंभ डा0 एके कुलश्रेष्ठ, अमितेन्द्र श्रीवास्तव, डा0 क्षितिज श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य गोकुलनाथ द्वारा फीता काटकर किया गया। टीकाकरण चिकित्सा विभाग द्वारा गायत्री देवी एवं पूनम द्वारा सम्पन्न हुआ। इस दौरान लगभग 100 छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण में अभिभावकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### देसी बम के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त डीके पुत्र हुबलाल निवासी बरई बधवा थाना करारी को बरई बंधवा नहर पुलिया के पास से 04 अदद नाजायज देसी बम व अमर सिंह पुत्र सदाशिव निवासी रहिमपुर मौलानी थाना करारी को हिसार नहर पुलिया के पास से 05 अदद नाजायज देसी बम के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त आनन्द गौतम पुत्र राम भवन निवासी मूरतगंज थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त शिवशरण यादव पुत्र होरिल यादव व अखिलेश त्रिपाठी पुत्र राजाबाबू उर्फ शिवमूरत त्रिपाठी निवासी पूरब सरावा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# नोडल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

## ऑक्सीजन आपूर्ति सहित अन्य सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के साथ ही विस्तृत कार्ययोजना बनाकर चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के भी दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुभाष चन्द्र शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा के निरीक्षण के दौरान कोविड जॉच एंव टीकाकरण के कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए छूटे हुए लोगों की सूची तैयार कर टीका लगाने के निर्देश दिये उन्होंने एएनएम एवं आशाओं द्वारा लोगों को जागरूक करने तथा प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये उन्होंने एल-1 कोविड वार्ड के निरीक्षण के दौरान ऑक्सीजन आपूर्ति सहित अन्य सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के साथ ही विस्तृत कार्ययोजना बनाकर चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने ऑक्सीजन प्लॉन्ट के निरीक्षण के दौरान ट्रान्सफार्मर की क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिये, जिससे ऑक्सीजन प्लॉन्ट को समुचित आपूर्ति सुनिश्चित हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने जेनरेटर की भी व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन को मास्क लगाने तथा कोविड गाइड लाइन का पालन करने के लिए जागरूक किया जाय नोडल अधिकारी ने उपकेन्द्र सौरई बुजुर्ग के निरीक्षण के दौरान एएमएम एवं आशाओं से टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि छूटे हुए लोगों को टीका लगाया जाय तथा लोगों को जागरूक भी किया जाय। उन्होंने उपस्थित ग्राम प्रधान से भी कहा कि वे लोगों को टीकाकरण मास्क लगाने एवं कोविड गाइड लाइन का अनुपालन करने के लिए जागरूक करें निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसी राय उपजिलाधिकारी सिराथू विनय कुमार गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

### कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 150 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 03 वाहनों का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 05 व्यक्तियों से 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

## न्यूज झरोखा

### चरवा नगर पंचायत कस्बा में जवानों ने किया फ्लैगमार्च तथा शहीद स्मारक में श्रद्धासुमन अर्पित किया



**कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव 2022 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण कुशलतापूर्वक चुनाव कराने की तैयारियों को लेकर आयोग के निर्देश पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के जवान जिले के हर संवेदनशील स्थानों पर फ्लैगमार्च कर रही है जिससे मतदान शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके। चायल तहसील क्षेत्र के चरवा नगर पंचायत के अयोध्या का पुरवा निवासी शहीद चंद्र मणि यादव के शहीद स्थल पर सीआरपीएफ बटालियन टीम के मनोज कुमार गौतम अपनी टीम के साथ पहुंचे और शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर सेना के जवानों ने शहीद चन्द्रमणि यादव को नमन किया और शहीद चंद्रमणि यादव के परिजनों से सेना के जवान मिले बताते चलें कि छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले में 2014 में चंद्रमणि यादव देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए थे। चरवा थाना क्षेत्र के चरवा थाना अध्यक्ष अपने हमराहियों और सेना के जवानों के साथ चायल मनौरी, रोड पर फ्लैग मार्च करते हुए दंगाइयों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया।चरवा थाना प्रभारी ने अर्ध सैनिक बल को फूल माला से स्वागत करते हुए पिपरी थाना क्षेत्र का भ्रमण कराया और मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए आम जनमानस को शांति बनाए रखने की अपील की है।

### राजस्व कर्मी से बाइक और नगदी छीन ले गए लुटेरे

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी पुल पर नकाबपोश बदमाशों ने राजस्व कर्मी की हीरो बाइक और नगद रुपए छीन लिया है मामले की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी गई है जानकारी के मुताबिक मंझनपुर तहसील के लेखपाल अमरसिंह बुधवार की शाम तहसील का काम निपटा कर बाइक से जा रहे थे जैसे ही राजस्व कर्मी कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी पुल के पास पहुंचे बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा सटाकर राजस्व कर्मी की बाइक और रुपये छीन कर फरार हो गए हैं घटना बुधवार शाम 6:00 बजे की है बाइक और रुपए छीन लिए जाने की घटना की जानकारी राजस्व कर्मी ने कोखराज थाना पुलिस को दी है।

### साहित्य अकादमी पुरस्कार लिया जाए वापस

**कौशांबी।** कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए शिवा मौर्यवंशी राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक आधुनिक गण तांत्रिक स्वतंत्र भारत के संवैधानिक प्रतीक हैं जिनके चक्र स्तंभ से देश की पहचान होती है इनके सिद्धांतों को अपनाकर भारत ने सारे विश्व को प्रेम वा बंधुत्व का संदेश दिया है सम्राट अशोक अहिंसा शांति तथा लोक कल्याणकारी नीतियों के विश्वविख्यात तथा अतुलनीय सम्राट है सम्राट अशोक का चरित्र इतिहास के स्तंभों को भरने वाले राजाओं सम्राटों धर्माधिकारी संत महात्माओं आदि के बीच प्रकाशमान है जो तारा की तरह चमकता है। भारत सरकार ने नाटक कर्मी दया प्रकाश सिन्हा के नाटक पर सम्राट अशोक साहित्य साहित्य अकादमी पुरस्कार देकर पूरे देश व भारतीयों को अपमानित करने के कार्य किया है क्योंकि उन्होंने एक विवादास्पद साक्षात्कार में सम्राट अशोक को मुगल शासक औरंगजेब के समकक्ष तुलना करने के साथ-साथ सम्राट अशोक के बारे में तरह तरह से भर्त्सना की है सम्राट अशोक को कलंकित करने वाले एक नाटय कर्मी दया प्रकाश सिन्हा को भारत सरकार ने साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया है इस मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि साहित्य अकादमी पुरस्कार दया प्रकाश सिन्हा से तत्काल वापस लिया जाए और इनके विरुद्ध राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए ज्ञापन सौंपने वालों में भूपेंद्र मौर्या हर्षवर्धन जय किशन मौर्या अनूप पटेल नीरज मौर्य अभिनाश आदि मौजूद रहे।

# अझुवा नगर को किया सेनेटाइज नालियों में डलवाया एंटीलावा

## अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अझुवा ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि 2 गज की दूरी, मास्क जरूरी



नगर को सैनिटाइजर करते नगर पंचायत कर्मी

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** देश मे लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण की दृष्टिगत अधिशासी अधिकारी आदर्श नगर पंचायत अझुवा सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कार्यालय कर्मियों के सहयोग से नगर पंचायत अझुवा के विभिन्न मोहल्लों में बृहत सैनिटाइजेशन कार्यक्रम का अभियान चलाया कर्मचारियों द्वारा नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव करवाया वही अधिशाषी अधिकारी अझुवा ने नगर वासियों को कोरोना संक्रमण से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण बेहद खतरनाक है इससे सावधानी रखें 2 गज की दूरी और मास्क बहुत जरूरी है सरकार के इस निर्देश का पालन करें उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें जिससे कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को रोका जा सके नगर पंचायत को सैनिटाइज कराते हुए अधिशासी अधिकारी ने नगर वासियों से अपील की है कि कोविड-19 के नियमो का पालन करते हुए खुद सुरक्षित रहें और लोगों को सुरक्षित करें।

### सफाई कर्मी के गायब रहने से गांव में लगा गंदगी का अंबार

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड क्षेत्र के बैरगांव ग्राम पंचायत के मजरा गोटिया का पुरवा में वर्षो से सफाई कर्मी नहीं पहुंचा है जिससे पूरे गांव की गली सड़क और नालियों में गंदगी बजा रही है पूरे गांव में गंदगी व्याप्त हो जाने से ग्रामीण परेशान है कई बार एडीओ पंचायत नेवादा से सफाई कर्मी की शिकायत ग्रामीणों ने कर स्थिति सुधारे जाने की मांग की लेकिन वर्षो से गायब सफाई कर्मचारी पर जिम्मेदार अधिकारी अंकुश नहीं लगा सके हैं बताया जाता है कि सफाई कर्मी के गायब रहने के पीछे ग्राम प्रधान की भूमिका भी सवालों के घेरे में है ग्रामीणों ने आला अधिकारियों को ध्यान आकृष्ट कराते हुए सफाई कर्मी को निलंबित करते हुए नए सफाई कर्मी की तैनाती की मांग की है।

# सिपाही के ठेंगे पर है एसपी का स्थानांतरण आदेश

## चरवा थाना का वह सिपाही कौन तबादला होने के बाद भी नही छोड़ रहा थाना

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना में तैनात एक सिपाही का तबादला दो महीना पूर्व डायल 112 में हो चुका है। उक्त सिपाही का तबादला चरवा थाना से डायल 112 में हो जाने के बाद भी चरवा थाना से उसका मोह भंग नहीं हुआ और वर्तमान में भी वह चरवा थाना में तैनात होकर अवैध वसूली को अंजाम दे रहा है जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है। सूत्रों की माने तो उक्त सिपाही जिम्मेदारों के इशारे पर अवैध वसूली को अंजाम देता है। उक्त सिपाही चाहकर भी चरवा थाना नहीं छोड़ पा रहा है पुलिस अधीक्षक द्वारा सिपाही का स्थानांतरण कर दिए जाने के बाद थानेदार ने उसे 2 महीने बाद भी थाने से रिलीव नहीं किया है नहीं तो वह सिपाही चरवा थाना पहले ही छोड़ चुका होता कमाऊपूत को इसलिए नहीं जाने दे रहे हैं कि उसके चले जाने पर ऐसा कमाऊपूत कहां से लाएंगे। अब देखना यह है कि इस मामले को संज्ञान लेकर उक्त सिपाही को चिन्हित कर उच्चाधिकारी चरवा थानाध्यक्ष के कमाऊपूत को डायल112 के लिए विदा करेंगे या फिर अवैध वसूली के लिए उसे चरवा थाना में तैनात रहने दिया जाएगा

चरवा थाने में तैनात एक सिपाही चरवा थाने का कारखाना सिपाही है इसका स्थानांतरण डायल 112 में 2 माह पूर्व हो चुका है और अभी तक यह थाना नहीं छोड़ रहा है अवैध वसूली क्षेत्र से गांजा शराब माफियाओं से वसूली कर बालू माफियाओं से वसूली कर वह महकमे में किसे हिस्सा पहुंचा रहा यह बड़ी जांच का विषय है।

# मौकापरस्त और लापरवाह नेताओं को दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब : सुशील जयहिंद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के उम्मीदवार चायल विधानसभा के सुशील जय हिंद एडवोकेट ने.आज अपनी टीम के साथ विधानसभा क्षेत्र के मनौरी पिपरी टिकरा मखऊपुर कई गांव में जनता से मुलाकात की और जनता से अपील किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2022 के समय में आप मेरा साथ दें मुझे वोट दें।

गांव भ्रमण के दौरान समर्थ किसान पार्टी प्रत्याशी सुशील जय हिंद ने कहा कि आज किसान दुखी है नौजवान दुखी हैं किसानों की कोई सुनने वाला नहीं है बेरोजगारी के चौराहे पर नौजवान आंसू बहा रहा है हम सब लोगों को मिलकर देश हित में काम करना होगा साफ-सुथरी छवि वाले व्यक्ति को चुनना होगा सुशील जयहिंद ने कहा की मौका परस्त नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देना होगा तथा सत्ता में बैठे हुए उन नेताओं से जवाब मांगना होगा कि 5 साल में कितनी बार अपनी विधानसभा की बात सदन के पटल पर रखी क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा के लिए आए हुए पैसे को किस क्षेत्र में कहां खर्च किया गया यह विधायक को बताना होगा उन्होंने कहा कि इस बार चायल विधानसभा में परिवर्तन हो रहा है चायल विधानसभा में उस व्यक्ति की जरूरत है जो चायल का विकास कर सके किसानों का साथ दे सके नौजवानों को उनके अधिकार दिला सके आज बहुत सारे कोटेदार समय से राशन नहीं दे रहे हैं और कालाबाजारी कर रहे हैं उसके खिलाफ 5 साल में किसी ने कोई आवाज नहीं उठाई बहुत सारे गांव में आज भी लोग टूटी हुई झोपड़ी के नीचे रह रहे हैं 5 साल बीत जाने के बाद आज तक उनको आवास नहीं मिले हैं क्षेत्र भ्रमण के दौरान सुशील जय हिंद ने कहा कि विधवा पेंशन वृद्धावस्था पेंशन दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी समर्थ किसान पार्टी की टीम में मोहन सिंह विपिन पटेल संजय चौहान बब्बू भाई त्रिपुरारी पाल शरद चंद्र राय हर्ष त्रिपाठी राकेश जयसवाल टीपू पासी वह अन्य लोगों ने अपने विचार रखे।


क्षेत्र भ्रमण कर जनसंपर्क करते किसान समर्थ पार्टी प्रत्याशी सुशील जय हिंद

### राशन कम देने का विरोध करने पर कोटेदार के भाई ने लाभार्थी को पीटा शिकायत

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के लहना गांव में एक गरीब को कम राशन देने का विरोध करना महंगा पड़ गया है जब कोटेदार द्वारा 5 किलो कम राशन देने का लाभार्थी ने विरोध किया तो कोटेदार के भाई ने लाभार्थी को गाली गलौच किया और पिटाई कर दिया। आरोप है कि कोटेदार द्वारा अक्सर घटतौली व अंगूठा लगवाकर राशन नही दिया जाता है।पीड़ित ने स्थानीय थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाई करने की मांग की है। करारी कोतवाली के लहना गांव की हसीना बानो पत्नी मकसूद गरीब है। वह किसी तरह अपना जीवन यापन करते हैं। हसीना बानो अपने पति मकसूद के साथ बृहस्पतिवार को गांव के ही नथन पासी पुत्र हरिश्चंद्र कोटेदार के यहां राशन लेने गए थे। जहां कोटेदार द्वारा 5 किलो कम राशन दिया गया। जब हसीना ने इसका विरोध किया तो कोटेदार का भाई अनिल कुमार ने उसको व उसके पति को गाली गलौच कर उसके पति को मार पीट दिया। हसीना ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि जो मार पीट किया उसको कोटा से कोई मतलब भी नही है उसके बावजूद भी गाली गलौच कर मार पीट किया है। हसीना ने लिखित शिकायती पत्र देकर आरोपी पर कार्यवाई करने की मांग किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## डीएम ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा 15 जनवरी तक रैली एवं जुलूस पर लगाये गये प्रतिबन्ध का किया जाए अनुपालन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्राट उदयन सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन किया जाय। उन्होनें आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये आदर्श आचार संहिता की बुकलेट राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 जनवरी 2022 तक रैली एवं जुलूस पर लगाये गये प्रतिबन्ध का अनुपालन किया जाय उन्होनें उप जिलाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पाये जाने पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया तथा आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कड़ाई से कराये जाने के निर्देश दिये उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होनें कहा कि पार्टी के सिम्बल की डायरी एवं कलेण्डर आदि वितरित न किया जाय तथा कम्बल आदि का भी वितरण न किया जाय बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर एवं सभी उप जिलाधिकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।


राजनीतिक दल के नेताओं के साथ बैठक करते डीएम

### विधानसभा चुनाव कन्ट्रोल रूम स्थापित

**कौशाम्बी।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा अगवत कराया गया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के तहत आयकर विभाग द्वारा एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नम्बर 1800-180-7540 तथा वाट्सएप नम्बर 7599102042 है। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि इन नम्बरों पर सम्बन्धित अधिकारी एवं आमजन निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य के लिए प्रयुक्त नगदी एवं काले धन सम्बन्धी शिकायत कर सकते हैं।

# न्यूज रिपोर्टर क्लब की बैठक में पत्रकारों के हित में लिए गए निर्णय


बैठक के बाद वापस बाहर निकलते पत्रकार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** न्यूज रिपोर्टर क्लब की बैठक संरक्षक राम भार्गव की अध्यक्षता में मंझनपुर मुख्यालय में संपन्न हुई बैठक में पत्रकारों के हित के संबंध में उपस्थित पत्रकारों से सुझाव मांगे गए और उस पर विचार विमर्श हुआ इस मौके पर संरक्षक रामबदन भार्गव ने कहा कि निष्पक्ष सत्य खबर लिखने वाले पत्रकारों का उत्पीड़न नहीं बर्दाश्त किया जाएगा और पत्रकारों का उत्पीड़न करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा बैठक के दौरान पत्रकारों को संगठित करने पर भी विचार विमर्श हुआ और उपस्थित पत्रकारों ने अपने अपने सुझाव रखे इस मौके पर अध्यक्ष मो0 जमशेद मोअज्जम खान मंत्री सुशील केसरवानी अजय कुमार एनडी तिवारी महेंद्र मिश्रा अरुण जायसवाल कोषाध्यक्ष मोहम्मद अलीम उपाध्यक्ष राकेश केसरी संगठन मंत्री पवन दुबे कृष्ण मणि मिश्रा सच ज्ञान चंद्र द्विवेदी जरीना सिद्दीकी दीपू तिवारी रमेश कुमार त्रिपाठी सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

### न्यूज रिपोर्ट्स क्लब का सर्व सम्मति से किया गठन

**कौशांबी।** न्यूज रिपोर्टर्स क्लब कौशांबी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है न्यूज रिपोर्टर्स क्लब में प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और एजेंसियों के प्रतिनिधि सदस्य होंगे गठन के दौरान रामबदन भार्गव संरक्षक मोहम्मद जमशेद मोअज्जम खान अध्यक्ष राकेश केसरी उपाध्यक्ष अनुराग शुक्ला उपाध्याय मोहम्मद अलीम कोषाध्यक्ष सुशील केसरवानी मंत्री पवन दुबे संगठन मंत्री और अजय कुमार जरीना सिद्दीकी सुशील मिश्रा दीपू तिवारी नारायण देव तिवारी सच ज्ञान चंद्र द्विवेदी जयशंकर गुप्ता कृष्ण मणि मिश्रा महेंद्र मिश्रा रमेश कुमार त्रिपाठी सदस्य पद पर चुने गए हैं।

### अभियुक्त को हुई 10 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट के अभियुक्त अजय प्रकाश मौर्य पुत्र बेनी प्रसाद निवासी शादीपुर थाना कडाधाम को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर मिशन शक्ति के तहत गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपए का अर्थदण्ड से दंडित किया गया व अर्थ दंड न देने पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया।

# किसानों को छलने वालों को चुनाव में अबकी बार किसान सिखाएंगे सबक : विजय शुक्ला

## समर्थ किसान पार्टी के सिराथू विधानसभा प्रत्याशी विजय शुक्ला ने किया कई गांवों में घर घर किया जनसंपर्क

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के सिराथू विधानसभा प्रत्याशी विजय शुक्ला ने बुधवार को सिराथू विधानसभा के कई गांवों जैसे अजुहा, धुमाई, गुरु के पुरवा, पहाड़पुर आदि में घर घर जाकर जनसंपर्क किया और लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों से विधानसभा चुनाव में समर्थन करने की अपील की। इस अवसर पर पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने लोगों को हैंडबिल बांटकर विजय शुक्ला को सिराथू विधानसभा से चुनाव जिताने का अनुरोध किया। इस दौरान लोगों से वार्ता करते हुए विजय शुक्ला ने कहा कि जिन लोगों ने किसानों के साथ अब तक छलावा किया है, उन्हें आने वाले चुनाव में किसान सबक सिखाएंगे। किसानों को राजनीतिक पार्टियों एवं इनके नेताओ ने इस्तेमाल करने की वस्तु समझ लिया है और सिर्फ चुनाव के दौरान बड़ी बड़ी पार्टियों एवं इनके नेता किसानों को वोट के लिए इस्तेमाल किया करते हैं और चुनाव के बाद उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया करते हैं। इस बार किसान ऐसे लोगों को चुनाव में वोट नहीं देंगे और चुनाव हराने का काम करेंगे। इस बार किसान उनकी लड़ाई लड़ने वाली पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव जिताने का काम करेंगे। इस दौरान अजय सोनी, राजन शुक्ला, ज्ञानेंद्र मिश्रा, फूलचंद्र लोधी, राम गोपाल पाल समेत कई लोग मौजूद रहे।



## संपादकीय

# भारतीय चिंतन व संस्कृति में मानव कल्याण

भारतीय चिंतन व संस्कृति में मानव कल्याण की कामना की गई। इसमें कभी संकुचित विचारों को महत्व नहीं दिया गया। समय-समय पर अनेक संन्यासियों व संतों ने इस संस्कृति के मूल भाव का सन्देश दिया। सभी ने समरसता के अनुरूप आचरण को अपरिहार्य बताया। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वाभिमान पर भी बल दिया गया। भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का विचार व क्षेत्र व्यापक रहा है। राष्ट्रीय स्वाभिमान किसी देश को शक्तिशाली बनाने में सहायक होता है। तब उसके विचार पर दुनिया ध्यान देती है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्रसंघ में किया था। इस प्रस्ताव को न्यूनतम समय में सर्वाधिक देशों का समर्थन मिला था। भारत ने कभी अपने मत पर प्रचार तलवार के बल पर नहीं किया। देश में इसी विचार के जागरण की आवश्यकता है।अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण व भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में है। स्वामी विवेकानन्द ने ऐसे ही राष्ट्रीय स्वाभिमान के जागरण का विचार दिया था। उन्होंने परतंत्र भारत को राष्ट्रीय गौरव का स्मरण दिलाया था। इसके माध्यम से उन्होंने न समर्थ भारत का स्वप्न देखा था। वह मानते थे कि विश्वगुरु होने की क्षमता केवल भारत के पास है। इस तथ्य का विस्मरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने दुनिया को भारत की शाश्वत और मानवतावादी संस्कृति का ज्ञान दिया। विश्व ने विस्मय के साथ उनको सुना। उन्होंने पश्चिमी देशों को बता दिया कि भारत राजनीतिक रूप से परतंत्र हो सकता है, लेकिन विश्व गुरु को सांस्कृतिक रूप से कभी गुलाम नहीं बनाया जा सकता। स्वामी विवेकानन्द के प्रत्येक ध्येय वाक्य भारतीय संस्कृति उद्घोष करने वाले है। उनसे संबंधित समारोह उत्सव से विचारों की प्रेरणा मिलती है। उनका व्यक्तित्व व कृतित्व राष्ट्रवाद की प्रेरणा देता है। जिस प्रकार पावर हाउस से विद्युत का प्रवाह होता है और अंधेरे में रोशनी फैलती है। उसी प्रकार विवेकानन्द का स्मरण वैचारिक ऊर्जा का संचार करता है,जिससे अज्ञानता का अंधकार दूर हो जाता है। उन्होंने विश्व में भारत की सांस्कृतिक पताका फैलाई थी। दुनिया को भारत की शाश्वत और मानवतावादी संस्कृति का ज्ञान दिया। विश्व ने विस्मय के साथ उनको सुना। उन्होंने पश्चिमी देशों को बता दिया कि भारत राजनीतिक रूप से परतंत्र हो सकता है, लेकिन विश्व गुरु को सांस्कृतिक रूप से कभी गुलाम नहीं बनाया जा सकता। विश्व और मानवता का कल्याण भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से ही हो सकता है। विवेकानंद जी सच्चे महापुरुष थे। उनका कोई आलोचक नहीं हुआ। उन्होंने भारतीय संस्कृति की ध्वज पताका विश्व में फहराई। भारत के बारे में कहा जाता है कि ये अनेकता में एकता का देश है, यहां अलग खानपान, पहनावा अलग है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव जैसे आयोजनों से ये अनेकता एकता में बदल जाती है।

सरकार ने प्रयागराज कुम्भ का सफल आयोजन किया था। इसमें उत्तर प्रदेश की जनसंख्या से अधिक लोग सहभागी हुए थे। देश-विदेश से करीब पच्चीस करोड़ लोग संगम स्नान हेतु आये थे। अपने पूर्वजों, सांस्कृतिक परम्पराओं पर गौरव की अनिभूति होनी चाहिए। भारत राष्ट्र बनने की प्रक्रिया कभी नहीं रहा। यह शाश्वत रचना है इसका उल्लेख विश्व के सबसे प्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेद में भी है। इसमें कहा गया कि भारत हमारी माता है हम सब इसके पुत्र है। राष्ट्र की उन्नति प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जो लोग भारत को नही जानते वो लोग भारत के बारे में गलत बात षड्यंत्र करके भारत को नक्सलवाद, उग्रवाद आतंकवाद में धकेलने का प्रयास करते है।

# सकारात्मक बदलाव की सूत्रधार 'प्रियंका गांधी'

दीपक

> प्रियंका गांधी के कुशल नेतृत्व व कारगर रणनीति के चलते आज उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की स्थिति यह हो गयी है कि चुनावी पंडित विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को भी इस बार एकबार फिर से तरजीह देने लगें हैं। वैसे भी कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका गांधी के नेतृत्व में राज्य में जिस नये जोशोखरोश के साथ अघोषित मुख्य विपक्षी दल की भूमिका का निर्वहन सफलतापूर्वक किया है, वह बेहद काबिले तारीफ है। प्रियंका ने राज्य में सरकार की तमाम पाबंदियों व अड़चन उत्पन्न करने वाली नीतियों के बावजूद भी बेहद तत्परता के साथ, महिलाओं, नोजवानों, बेरोजगारों, किसानों व अन्य सभी वर्ग के आम लोगों की समस्याओं को दमदार ढंग से उठाया है

**उत्तर** प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में "लड़की हूँ लड़ सकती हूँ" के नारे को चुनावी रणभूमि में धरातल पर गढ़ने की दिनरात तैयारी कर रही उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने फिलहाल तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की राजनीति में एक बहुत बड़ा बदलाव लाने के लिए एक बेहद सकारात्मक पहल की है। लेकिन भविष्य में उनकी इस पहल के कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति व देश की राजनीति में भी दूरगामी परिणाम होने की उम्मीद दिग्गज राजनीतिक पंडितों के द्वारा की जा रही है। क्योंकि भारतीय समाज में महिलाओं के संघर्ष, कष्ट, व दुखदर्दों की लंबी फेहरिस्त है, हमारे देश में भी कुछ लोगों के द्वारा महिलाओं को उनके तय अधिकारों से वंचित रखने का प्रयास किया जाता है, महिलाओं को सरलता व सम्मान के साथ जीवन यापन करने के लिए कदम-कदम पर विभिन्न चुनौतियों से जूझना पड़ता है, इसलिए प्रियंका गांधी ने देश की नारी शक्ति की आधी आबादी को अपने "लड़की हूँ लड़ सकती हूँ" मॉडल के द्वारा ऊंची उड़ान भरने के सपने दिखाएं है, उनको उम्मीद है कि उनके द्वारा दिये गये इस नारे से देश की राजनीति में देर-सबेर बड़ा बदलाव होगा और जाति व धर्म के आधार पर होने वाली राजनीति का गठजोड़ टूट कर समाप्त हो जाएगा। वैसे भी सक्रिय राजनीति में आने के बाद से ही प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी के महासचिव के रूप में लगातार नितनये प्रयोग करके उत्तर प्रदेश में मृतप्रायः हो चुकी कांग्रेस के संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने में व्यस्त हैं। प्रियंका गांधी ने भयावह कोरोना महामारी के काल के समय में भी संगठन में जान फूंकने के लिए ऑनलाइन व अन्य माध्यमों से संगठन के आम कार्यकताओं और आम जनमानस से लगातार संपर्क बनाकर रखने के कार्य को बखूबी अंजाम दिया था। वह लगातार उत्तर प्रदेश की भूमि पर जाकर आम जनमानस के हित के मसलों, जरूरतमंद व परेशान लोगों की आवाज को बहुत ही दमदार ढंग से बुलंद करके सत्ता के शीर्ष गलियारों तक पहुंचा कर उन सभी लोगों तक मदद पहुंचवाने का कार्य निरंतर कर रही हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुछ समय में ही कांग्रेस के संगठन पर प्रियंका गांधी की कार्यशैली व कुशल रणनीति का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। अब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का संगठन धरातल पर एक अलग आक्रामक तेवर वाला नजर आने लगा है, वह छोटी-बड़ी जनसमस्याओं को लेकर आयेदिन सड़कों पर संघर्ष करता नजर आने लग गया है, अब वह आम जनहित के मसलों को लेकर जेल तक जाने के लिए हर वक्त मानसिक रूप से तैयार रहने लग गया है, यह कांग्रेस संगठन के उज्जवल भविष्य के लिए एक बहुत अच्छा संकेत है। प्रियंका गांधी के कुशल नेतृत्व व कारगर रणनीति के चलते आज उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की स्थिति यह हो गयी है कि चुनावी पंडित विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को भी इस बार एकबार फिर से तरजीह देने लगें हैं। वैसे भी कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका गांधी के नेतृत्व में राज्य में जिस नये जोशोखरोश के साथ अघोषित मुख्य विपक्षी दल की भूमिका का निर्वहन सफलतापूर्वक किया है, वह बेहद काबिले तारीफ है। जिस तरह से प्रियंका गांधी ने राज्य में सरकार की तमाम पाबंदियों व अड़चन उत्पन्न करने वाली नीतियों के बावजूद भी बेहद तत्परता के साथ, महिलाओं, नोजवानों, बेरोजगारों, किसानों व अन्य सभी वर्ग के आम लोगों की समस्याओं को दमदार ढंग से उठाया है, वह देश की राजनीति में शीर्ष स्तर के राजनेताओं के व्यवहार में बहुत कम ही देखने को नजर आता है। प्रियंका गांधी लगातार आम जनता के बीच जाकर एक बेहद सक्रिय राजनेता होने की भूमिका का पूर्ण ईमानदारी से निर्वाहन करने का प्रयास कर रही हैं। प्रियंका गांधी ने जिस तरह से उत्तर प्रदेश में मृतप्रायः हो चुकी कांग्रेस पार्टी को लगातार समय दिया है, उसकी मेहनत के फलस्वरूप ही राज्य में कांग्रेस आज एकबार फिर से राजनीतिक गलियारों में चचाओं में है, राज्य में यह स्थिति कांग्रेस पार्टी के भविष्य के दृष्टिकोण से और पार्टी को संगठनात्मक स्तर पर मजबूती प्रदान करने के दृष्टिकोण से बेहद अच्छी है। आज उत्तर प्रदेश की कांग्रेस को देखकर लगता है कि शीर्ष नेतृत्व को भी यह समझ आ गया है कि भविष्य में कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनाने का रास्ता उत्तर प्रदेश की भूमि से ही निकलेगा। इसलिए ही स्वयं प्रियंका गांधी इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की अपनी खोई हुई जमीन व जनाधार को वापस हासिल करने के लिए दिनरात एक करके संघर्ष कर रही हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी का संगठन भी अपनी संघर्षशील राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में धरातल पर धीरे-धीरे संघर्ष करने की रफ्तार पकड़ने का कार्य कर रहा है। राज्य की राजनीति में यह प्रियंका गांधी की मेहनत का ही परिणाम है कि जो कांग्रेस पार्टी एक दम सुसुप्त अवस्था में चली गयी थी, आज वह अपने दम पर हुंकार भरकर खड़े होना का प्रयास कर रही है। आज कोई भी दल व राजनीतिक रणनीतिकार उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की अनदेखी नहीं कर सकता है, इस तरह की स्थिति प्रियंका गांधी की मेहनत और संघर्ष का ही एक परिणाम है। हालांकि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को कितनी सफलता मिलेगी इसके बारे में कहना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना जरूर है कि अब विधानसभा के चुनावों में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस पार्टी का झंडा लगाकर बैठने वाले कार्यकर्ता नजर अवश्य आयेंगे। " आज देश के कुछ लोगों को प्रियंका गांधी की आमजन के बीच जाकर संघर्ष करने की राजनीतिक कार्यशैली में अपनी दादी इंदिरा गांधी का अक्श नजर आता है, यह छवि प्रियंका गांधी के लिए राजनीतिक रूप से लाभप्रद है। आम लोगों को प्रियंका गांधी की निड़र बेबाक होकर सरल मृदुभाषी हिन्दी में अपने विचार रखने वाली भाषाशैली पसंद आ रही है, आम जन को लगता है कि भविष्य में प्रियंका गांधी एक लोकप्रिय जननेता के रूप में खुद को बहुत ही जल्द कांग्रेस संगठन के बीच और देश के आम जनमानस के बीच मजबूती के साथ जननेता के रूप में स्थापित कर ही लेंगी।" उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रियंका गांधी जिस तरह से लोगों को कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली अतीत की तमाम उपलब्धियों की याद दिलाते हुए चुनावी रण में जाने का कार्य कर रही हैं, वह लोगों को कांग्रेस के विकल्प के रूप में सोचने पर अवश्य मजबूर करता है। प्रियंका गांधी अपने विचारों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के लोगों के सामने उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक नया खाका पेश कर रही हैं, प्रियंका गांधी ने ह्यशक्ति विधानह्ल नाम से महिला घोषणा पत्र में जिन बिन्दुओं को शामिल किया है, वह उनको भावनात्मक रूप से मातृशक्ति से जोड़ने का कार्य करती है। प्रियंका की महिलाओं के स्वाभिमान, स्वावलंबन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत को मुद्दा बनाने के पीछे की सोच का मकसद कांग्रेस को सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि वह कांग्रेस पार्टी व देश की राजनीति की सूरत में बड़ा बदलाव करके इतिहास रचना चाहती हैं, उनकी कोशिश है कि आने वाले समय में देश में जाति-धर्म क्षेत्रवाद की देश को बांटने वाली नकारात्मक राजनीति की जगह विकास व सकारात्मक मुद्दों पर आधारित राजनीति हो। इसलिए ही उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रियंका गांधी जाति-धर्म, हिन्दू-मुस्लिम, सवर्ण-दलित, अगड़ों-पिछड़ों की बात करने की जगह जिस तरह से विकास व महिलाओं के अधिकारों की बात कर रही हैं, यह स्थिति देश की राजनीति में एक बहुत अच्छे सकारात्मक बदलाव की शुरूआत है। उन्होंने "लड़की हूँ लड़ सकती हूँ" का नारा गढ़ करके उत्तर प्रदेश की राजनीति में महिला मतदाताओं के दिलोदिमाग पर छा जाने का एक खास राजनीतिक मॉडल तैयार किया है, जिससे प्रियंका गांधी की उत्तर प्रदेश के हर घर में चर्चा अवश्य शुरू हो गयी है और देश की जनता भी प्रियंका गांधी के बारे में जानने के लिए उत्साहित है।



## कविता

### मकर संक्रांति !

चलो हम सब मिलकर बनाते हैं मकर संक्रांति,
सर्दियों में आलस्य में जकड़ा, शरीर पकड़े थोड़ी सी गति,
भागदौड़, हल्ला गुल्ला और बहुत सारी मौज मस्ती,
इस त्यौहार की महत्वता संपूर्ण भारत में मानी जाती!

खुले आसमान में, सभी पतंग उड़ाते,
मूंगफली और गुड से बनी चिक्की,और तिलगुड़ से बने व्यंजन खाते,
बड़े हर्षोल्लास से यह त्यौहार को मनाते ,
आसमान में विहंगम दृश्य, भरपूर आनंद हृदय में जगाते!

चलो पतंग की तरह, हम अपने सपनों को भी उड़ान दे,
नई-नई ऊंचाइयों को छू के, अपनी काबिलियत का प्रमाण दें,
चलो ढील देकर मंजिल तक पहुंचे, यही तो असली शान है,
स्वतंत्रता से पूरे करें, जो भी मन में अरमान है!!

डॉ. माध्वी !

# गीत बज रहा है- मैं आऊं

रामविलास

चुनावी काल में एक का दामन छोड़ने और दूसरे का दामन पकड़ने का यज्ञ चल रहा है। दामन छोड़ने-पकड़ने का काम अत्यंत स्वार्थी वातावरण में हो रहा है। एक दल-दल पार्टी से दूसरी दल-बदल पार्टी के साथ यही खेल चल रहा है। एक पार्टी से मेला और दूसरी से झमेला पल रहा है। मंत्री जी ने अपनी पार्टी छोड़ी, क्योंकि वे देश सेवा के लिए सम्मान व स्वाभिमान चाहते हैं। देश सेवा के लिए अपने बीवी-बच्चों का टिकट चाहते हैं। बहू, बेटे-बेटियों को टिकट नहीं मिलने से नाराज हो जाना स्वाभाविक है। जो पूरा का पूरा परिवार देश सेवा के लिए टिकट मांग रहा है, उन्हें तो मिल ही जाना चाहिए ना! न मिले तो उन्हें रातों-रात एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में घुस जाना चाहिए। निश्चित तौर से पार्टी को इस बात का अंदाजा था कि वह इसको छोड़ेंगे। टिकटों के लिए पूरे परिवार की मारामारी नहीं झेलने वाली दल-दल पार्टी स्वयं दल-बदल करने के लिए तैयार हो रही है। जिन विधायकों का टिकट कटना तय होता है, वे दूसरी पार्टी में चले जाते हैं। कोई भी माननीय देश सेवक जब भी किसी पार्टी को छोड़ता है तो वह एक ही मंत्र दागता है- यह पार्टी किसानों की विरोधी है। यह दलितों की विरोधी है। मजदूरों-गरीबों की विरोधी है। उनके यहां बहुत अन्याय है। यह पार्टी युवाओं के साथ कोई न्याय नहीं कर सकती है। यह पार्टी महिलाओं के विरुद्ध है। ऐसी पार्टी को छोड़ने में ही फायदा है। पार्टी छोड़ने वाले मंत्री जी का चमचा भी कहता है- यह पार्टी अन्याय पूर्ण भागीदारी अपनाती है। यह पार्टी गरीब, मजदूर, दलित, महिला की विरोधी है। इसलिए हमारे मंत्री जी ने जनता के हित में ही इस पार्टी को छोड़ा है। जिस पार्टी को कोई पकड़ता है वह उस नई पार्टी के गीत गाता है। वह कहता है- इसी पार्टी में लोकतंत्र जिंदा है। यही पार्टी देश को आगे ले जा सकती है। यह गरीब, मजदूर, किसानों और दलितों की रक्षा करने में सिर्फ एकमात्र पार्टी है। देश सेवा के लिए सिर्फ यही पार्टी सब कुछ काम कर सकती है। ऐसा कहते हुए वे दुपट्टा धारण कर लेते हैं और उंगलियों से वी का निशान बनाते हुए जोर से चीखते हैं- मैं ही सरकार बनाता हूं और मैं ही सरकार को बिगाड़ता हूं। मैं जिस पार्टी में जाता हूं उसी को पार्टी नंबर वन बना देता हूं। मैंने इस दल-दल पार्टी में 5 साल तक मंत्री बनकर देख लिया। ऐसी अन्यायी पार्टी से अब मेरा मोहभंग हो गया है और मैंने इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, मोबाइल आदि सभी को बता दिया है। सारे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी मैंने बता दिया है। यह कदम उठाया है, वह सिर्फ जनता के भले के लिए उठाया है। अब नई दलिद्दर पार्टी मुझे अपने बेटा, बेटी, बीवी, चाचा, ताऊ, सास, बहू सबको टिकट देकर देश सेवा करने का मौका देगी, जो सबसे बढ़िया बात है। मेरे इस्तीफे का असर आगामी चुनावों में पड़ेगा और सरकार सिर्फ मेरी ही बनेगी। मैंने 5 साल तक मंत्री बनकर इनकी विचारधारा को भी देखा। वह अब मुझे सहन नहीं है क्योंकि सामने चुनाव के 5 दिन ही शेष रह गए हैं।

## विचार

# कितने चुनौतीपूर्ण होंगे कोरोना काल में चुनाव

आर.के.

**कोराना** काल के बाद पहले चुनाव तो बिहार विधानसभा के लिये नवंबर-दिसंबर 2020 में ही हुए थे। उन चुनावों को आयोजित करने के बाद चुनाव आयोग ने अपनी पीठ भी थपथपाई थी। उसके बाद देश ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव भी देख लिए। वहां आठ चरणों में हुए चुनाव मार्च- अप्रैल 2021 में हुए थे। तब कोरोना की दूसरी लहर से देश जूझ रहा था। अब चुनाव आयोग ने पांच राज्यों गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मणिपुर और उत्तराखंड विधान सभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा भी कर दी है। इन चुनावों के बाद देश को 690 नए विधायक और लगभग बीस नए राज्य सभा सदस्य मिलेंगे। इन विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया में लगभग दो महीने का वक्त लगेगा। इसमें साढ़े 18 करोड़ के आसपास मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कुल मिलाकर बड़े स्तर पर होंगे ये विधानसभा चुनाव। हालांकि आशंका थी कि कोरोना की तीसरी लहर के चलते चुनाव प्रक्रिया शायद टल जाएगी, पर हालात का सघन जायजा लेने के बाद चुनाव आयोग इस नतीजे पर पहुंचा है कि चुनाव संपन्न कराए जाएँगे। वैसे भी चुनाव टालना इतना आसान नहीं है। आचार संहिता लागू होते ही विभिन्न जिलों में प्रशासन ने विधानसभा क्षेत्र स्तर तक पोस्टर और होर्डिंग्स हटवाने का काम तेज कर दिया है। अब राजनीतिक पार्टियों के लिए कोरोना संक्रमण के बीच हर दरवाजे तक पहुंचना एक बड़ी चुनौती होगी। पंचायत, नगर निगम और विधानसभा चुनावों में तो उम्मीदवार लगभग घर-घर जाते रहे हैं। अब विधानसभा क्षेत्र में यह उम्मीद करना सही नहीं होगा। जब वैश्विक महामारी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है तो चुनावों का चेहरा- मोहरा तो बदलेगा ही। अब तो चुनाव इस तरह से कराना होगा ताकि महामारी का असर न के बराबर ही हो। ये जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है कि वह चुनावों को सफलतापूर्वक तरीके से सम्पन्न करवा ले। इसके लिए राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर कार्यकताओं को भी सक्रिय होना होगा। मतदाताओं को भी लोकतंत्र के पर्व को संपन्न करवाने की बाबत मतदान की आहुति तो देनी ही होगी। खैर, सबको पता है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है। कोरोना की तीसरी लहर के डर और भय के बीच दो बातों से संतोष हो सकता है। पहला, जिन राज्यों में चुनाव हो रहा है वहां पर लगभग सबको कोरोना का कम से कम एक टीका लग चुका है। यह स्थिति तब नहीं थी जब बिहार या पश्चिम बंगाल में चुनाव हुए थे। पंजाब में टीकाकरण की रफ्तार धीमी अवश्य रही है। सबको पता है कि कोरोना से बचने का एक मात्र तरीका यही है कि इसका टीका जल्द लगवा लिया जाए। मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग तो हैं ही। दूसरी बात यह है कि इन चुनावों में सभी राजनीतिक दल अपने मतदाताओं के पास आभासी दुनिया के मार्फत भी पहुंचना होगा। वे वर्चुअल रैलियों पर ही ज्यादा जोर देंगे। इस तरह से भीड़ से बचा जा सकेगा। भारतीय जनता पार्टी इंटरनेट के विभिन्न माध्यमों पर काफी सशक्त है। ट्विटर, यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर उसके फालोवरों की संख्या बहुत बड़ी है जो लगातार बढ़ रही है। वाट्सएप ग्रुपों का भी उसका व्यापक संजाल है। ऐसे में वह जब चाहे वर्चुअल मोड में सभा कर सकती है। बाकी दल भी सोशल मीडिया के महत्व को समझते हैं। चूंकि चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख खर्च की सीमा तय हो चुकी है, ऐसे में विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों को बहुत-सोच समझकर ही काम करना पड़ेगा, क्योंकि इस तकनीकी के युग में एक-एक पैसे का हिसाब रखना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल काम नहीं है। हालांकि सभी राजनीतिक पार्टियां दागी नेताओं से दूरी बनाने की बात तो कह रही हैं, लेकिन हर पार्टी को जिताऊ प्रत्याशी की भी जरूरत है। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश समेत सभी चार अन्य सूबों में किला फतेह करने की हर चंद कोशिश कर रही है। वह इस बाबत कसकर मेहनत भी कर रही है। फिलहाल वह अन्य दलों से मैदान में आगे नजर आ रही है। भाजपा ने विपक्ष के हाथ से लगभग सारे मुद्दे छीन लिए हैं।

# कोरोना: कारोबार बंद करने को मजबूर हुए लोग

विजय

पिछले डेढ़ साल में महंगाई ने भी सबको खूब रुलाया। इसका बड़ा कारण पेट्रोल व डीजल के मूल्यों पर अत्यधिक करों की मार रही। बैंक ब्याज की दरों में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाले करीब साठ फीसद लोगों ने महामारी की दोनों लहरों के दौरान अपने रोजमर्रा के खर्चों को चलाने के लिए किसी न किसी स्रोत से पैसा उधार लिया। पिछले कुछ माह अच्छे बीते ही थे कि फिर से कोरोना ने ओमीक्रोन के रूप में भारत में पैर रख दिए। संक्रमण के आंकड़े कुछ ही दिनों में भयानक रूप ले चुके हैं। रोजाना के आंकड़ों से हर व्यक्ति भयभीत महसूस कर रहा है। निश्चित रूप से भयभीत होने के पीछे पहला कारण यही है कि हरेक को खुद की और अपने परिवार की चिंता है। पहली और दूसरी लहर में बहुत से लोगों ने अपनों को खोया। लेकिन संतोष की बात यह है कि देश में टीकाकरण का आंकड़ा डेढ़ सौ करोड़ के पार निकल गया है, जो कि एक वर्ष की अल्पावधि में निश्चित ही बड़ी कामयाबी है। इसके साथ-साथ किशोरों के लिए टीकाकरण की शुरूआत भी उत्साहजनक है। फिर भी अगर पहली और दूसरी लहर को मौजूदा तीसरी लहर के साथ तुलनात्मक रूप में देखा जाए तो आम आदमी के मन में टीकाकरण से जहां एक तरफ सुरक्षा का भाव बना है, वहीं दूसरी तरफ आर्थिक पक्ष को लेकर वह फिर से चिंतित हो उठा है। उसके मन से आशंकाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। इन आशंकाओं के पीछे की हकीकत बड़ी कठोर है जो हम झेल चुके हैं। पहली लहर के दौरान हर किसी ने अपने जीवन में पहली बार अर्थव्यवस्था में पूर्ण तालाबंदी देखी थी जिसने हर किसी के आर्थिक जीवन को हिला कर रख दिया था। उस दौरान पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर पच्चीस फीसद नीचे चली गई थी। ऐसा होना स्वाभाविक भी था क्योंकि पूर्णबंदी की वजह से अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों तक में उत्पादन ठप हो गया था। करोड़ों लोगों का रोजगार चला गया था।

अर्थव्यवस्था को लगे उस झटके से हम अभी तक नहीं उबर नहीं पाए हैं। अब समस्या यह है कि तीसरी लहर का प्रकोप अपना असर दिखाने लगा है। और इससे बचाव के उपायों के लिए सरकारें फिर से ऐसी पाबंदियां लगा रही हैं जिनसे आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़े बिना रह नहीं सकता। इस खतरे को ज्यादातर महसूस करने वाले आम आदमी ही हैं। इनमें मजदूरों, श्रमिकों से लेकर वे सभी लोग शामिल हैं जो रोजाना कमा कर घर चलाते हैं। इसके आलावा निजी क्षेत्र में रोजगार में लगे लोगों के समक्ष भी संकट कम नहीं हैं। आज भी लोग कम वेतन और वेतन कटौती जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने कोरोना के झटकों से उबरने की कोशिश की है। लेकिन इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि महामारी के कारण पिछले दो साल में आम आदमी के आर्थिक जीवन में जो संकट आए, उनसे वह अभी तक बाहर नहीं सका है। अगर आंकड़ों से समझने की कोशिश करें तो दिसंबर 2021 में भारत में बेरोजगारी की दर 7.9 फीसद थी, जबकि कोरोना से पहले के दो वित्तीय वर्षों में यह औसतन पांच फीसद थी। हालांकि पहली लहर के बाद के दिसंबर 2020 में यह दर 9.1 फीसद थी।

# कौनसा मत किस मत पर भारी...

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** व्यापारी की मौत हो गई। यमदूत उसे परलोक ले गए। परलोक की दो बस्तियों झ नरक और स्वर्गलोक का बारी-बारी से एक-एक दिन भ्रमण करवाया गया। अगले दिन उसे निर्णय लेना था कि उसे कौन सा लोक जाना है। उसकी इच्छा अनुसार उसे नरकलोक ले जाया गया। वहां का दृश्य देखकर उसकी आंखें फटी की फटी रह गई। उसने देखा कि नरक के प्रवेश द्वार पर फूहड़ नाला बह रहा था। कल तक जिन मित्रों ने उसे चमक-धमकदार कपड़ों में हंसते हुए स्वागत किया था आज वही गंदे-मलीन कपड़ों में रो-रोकर उसे जाने के लिए कह रहे थे। सिर पर बोझा ढोना, छोटी-सी गलती होने पर नरकलोक के सिपाहियों का पीटना यहां के लिए आम दृश्य लग रहा था। व्यापारी को लगा कि उसके साथ धोखा हुआ है। वह छाती पीट-पीट कर रोने लगा। वह चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, "अरे भगवान! यह क्या हुआ? मुझे स्वर्ग में रहने का सुअवसर मिला था, लेकिन मैं तो नरकलोक की झूठी तड़क-भड़क के चक्कर में फंस गया। अब मैं क्या करूं? हाय रे मेरी फूटी किस्मत!"

उसने नरकलोक के सिपाहियों से पूछा, यह तो सरासर मेरे साथ धोखा हुआ है। आपने जो नरक कल तक दिखाया था वह तो तडक-भड़कदार थी। सब सुविधाएँ थीं। जबकि आज एक दम विपरीत दृश्य है। इसके उत्तर में नरकलोक के सिपाहियों ने कहा, वह तो हम तुम्हें आकर्षित करने के लिए नरकलोक का प्रमोशन कर रहे थे। आजकल बिना प्रमोशन व कैम्पेनिंग के कोई किसी को नहीं चुनता। उसे तो झूठे-झूठे सपने दिखाकर फसाना पड़ता है। तुम उसी प्रमोशन की चकाचौंध में धोखा खा गए। मित्रों! वोट हमारा अधिकार है। किंतु वोट देते समय बाहरी तड़क-भड़क, असंभव वादा करनेवालों, रुपयों, वस्तुओं के लालच देनेवालों तथा मुंह में राम बगल में छुरी रखनेवालों को भूलकर भी वोट न दें।

# इंडियन ओपन : दूसरे दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुईं साइना नेहवाल



नई दिल्ली। भारत की अनुभवी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल गुरुवार को यहां के केडी जाधव इंडोर हॉल में चल रहे इंडियन ओपन 2022 से बाहर हो गई हैं। साइना को 35 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में हमवतन मालविका बंसोड़ ने 21-17, 21-9 से हराया। 31 वर्षीय नेहवाल पहले गेम में 5-7 से पीछे चल रही थीं। मालविका ने इस बढ़त को कायम रखा और उन्होंने पहला गेम 21-17 से जीत लिया। मालविका ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और दूसरा गेम भी आसानी से 21-9 से जीतकर साइना को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इससे पहले भारत की एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी पीवी सिंधु ने दूसरे दौर के मुकाबले में हमवतन इरा शर्मा को 30 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल दौर में प्रवेश किया। सिंधु ने पहले गेम में अपना दबदबा कायम रखा और केवल 13 मिनट के अंदर ही 21-10 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। सिंधु ने दूसरा गेम 20 मिनट में 21-10 से जीतकर मैच अपने नाम किया।

# अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन सर्किट में साइना को शिकस्त देने वाली दूसरी भारतीय बनीं मालविका

नई दिल्ली। युवा मालविका बंसोड़ ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यहां चल रहे इंडिया ओपन 2022 के दूसरे दौर में अनुभवी साइना नेहवाल को 34 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-9 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही नागपुर की मालविका पीवी सिंधु के बाद दूसरी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई, जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन सर्किट में साइना नेहवाल को कोर्ट पर हराने में कामयाबी हासिल की है। मालविका की अपनी आइडल साइना से कोर्ट में यह पहली मुलाकात थी और उनके खिलाफ खेलना मालविका के लिए 'सपने के सच होने' जैसा है।

जीत के बाद मालविका ने कहा, ह्यसाइना के खिलाफ एक बेहतरीन मैच था, वह बचपन में मेरी आइडल हैं और उनके खिलाफ जीत दर्ज करना एक शानदार अनुभव है।



उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट के 2022 संस्करण में चौथी वरीयता प्राप्त नेहवाल 2017 में इसी टूर्नामेंट में सिंधु से हार गई थीं। पांच साल बाद मालविका ने भी इतिहास दोहराते हुए साइना नेहवाल को सीधे सेटों में शिकस्त दी।

## इंडिया ओपन 2022 से हटे कोरोना संक्रमित सात खिलाड़ी

नई दिल्ली। कोरोना से संक्रमित होने के कारण सात खिलाड़ी केडी जाधव इंडोर हॉल में चल रहे इंडिया ओपन 2022 से हट गए हैं। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) ने इसकी पुष्टि की है। बीडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा, "खिलाड़ियों का मंगलवार को अनिवार्य आरटी-पीसीआर परीक्षण किया गया था, जिनमें से सात खिलाड़ियों का परिणाम पॉजिटिव आया। इस कारण सभी प्रतियोगिता से बाहर रहेंगे। इन खिलाड़ियों के करीबी संपर्क को भी टूर्नामेंट से अलग रखा गया है।" कोरोना की चपेट में आने वाले सभी सात खिलाड़ी भारतीय हैं। ये किदांबी श्रीकांत, अश्विनी पोनप्पा, रितिका राहुल ठाकर, तृसा जॉली, मिथुन मंजूनाथ, सिमरन अमन सिंघी और खुशी गुप्ता हैं। बीडब्ल्यूएफ के अनुसार, खिलाड़ियों को मुख्य ड्रॉ में नहीं बदला जाएगा और उनके विरोधियों को अगले दौर में वाकओवर दिया जाएगा। बयान में आगे कहा गया है, "सभी प्रतिभागियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन और बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षण प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं।"

## मोहित का चमका बल्ला, यूपी टिम्बर की शानदार जीत

लखनऊ। बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डिविजन में गुरुवार को यूपी टिम्बर क्लब और एस्का के बीच अखिलेश दास स्टेडियम में मैच खेला गया। यासिर की शानदार गेंदबाजी और मोहित की बल्लेबाजी से यूपी टिम्बर ने शानदार जीत हासिल की। 36 ओवर के मैच में एस्का ने टास जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला किया। यूपी टिम्बर ने बल्लेबाजी करते हुए कुल 199 रन बनाया। ओपनर प्रभात सिंह ने 23 रन का योगदान दिया। वहीं 11 चौके एवं 2 छक्कों की मदद सर्वाधिक 76 रन मोहित यादव ने बनाये। पांच चौके और एक छक्का की मदद से करन सिंह ने 34 रन का योगदान दिया। वहीं एस्का के गेंदबाज सलमान ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके। एस्का की टीम 61 रन पर ही आल आउट हो गयी। ओपनर शानवाज खान ने सात रन बनाये, जबकि कप्तान सुमित ने दस रन का योगदान दिया। यूपी टिम्बर के गेंदबाज यासिर ने 16 रन देकर चार विकेट लिये। मैन आफ द मैच का खिताब यासिर को ही दिया गया।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी एकदिनी श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने गुरुवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला 16 जनवरी से शुरू हो रही है। श्रृंखला का दूसरा मैच 18 जनवरी और तीसरा मैच 21 जनवरी को खेला जाएगा। धनंजया डी सिल्वा पितृत्व अवकाश पर हैं, इसलिए, जिम्बाब्वे श्रृंखला में हिस्सा नहीं लेंगे। अविष्का फर्नांडो, जेनिथ लियानागे और कामिल मिश्रा कोरोना संक्रमित होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेलेंगे। जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम इस प्रकार है : दासुन शनाका (कप्तान), पथुम



निसानाका, मिनोड भानुका, चरित असलंका, महेश थीक्षाना, चमिका करुणारत्ने,जेफरी वेंडरसे, नुवान तुषारा, रमेश मेंडिस, प्रवीण जयविक्रमा, दुष्मंथा चमीरा, चमिका गुणसेकेरा,दिनेश चांदीमल, कुसल मेंडिस, नुवान प्रदीप, शिरन फर्नांडो, कमिंदु मेंडिस।

स्टैंडबाय खिलाड़ी: अशेन बंडारा, पुलिना थरंगा, निमेश विमुक्ति, आशियान डेनियल, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो।

# बुमराह वर्तमान में खेल के तीनों प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : वॉन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि वह इस समय खेल के तीनों प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। वॉन की यह टिप्पणी तब आई जब बुमराह ने केपटाउन के न्यूलैंड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट लिये। वॉन ने ट्वीट किया, "जसप्रीत बुमराह शानदार हैं। मुझे लगता है कि सभी प्रारूपों में वह इस समय दुनिया में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।" बुमराह ने पहली पारी में पांच विकेट लिये, जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 210 रन पर आउट कर 13 रन की बढ़त



हासिल कर ली। भारतीय तेज गेंदबाज ने 2018 में न्यूलैंड्स, केप टाउन में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच की बात करें तो इस मैच में दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 2 विकेट पर 57 रन बना लिये हैं। भारत की कुल बढ़त 70 रनों की हो गई है। कप्तान विराट कोहली 14 और चेतेश्वर पुजारा 9 रन बनाकर नाबाद हैं।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : मिओमिर केकमानोविक के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेंगे जोकोविच

मेलबर्न। विश्व के नंबर एक पुरुष एकल टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में हमवतन मिओमिर केकमानोविक के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। गुरुवार को जारी ड्रा के अनुसार स्पेन के टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ऑस्ट्रेलियन ओपन में मार्कोस गिरोन के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। ऑस्ट्रेलियन ओपन ने ट्वीट किया, "शीर्ष वरीयता प्राप्त और नौ बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जोकोविच मिओमिर केकमानोविक के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।" इसके पहले जोकोविच ने बुधवार को स्वीकार किया कि उन्होंने इस तथ्य को जानने के बावजूद कि वह कोविड पॉजिटिव थे, दिसंबर में एक इन-



पर्सन मीडिया इंटरव्यू और फोटोशूट किया।

16 दिसंबर को 'आधिकारिक और स्वीकृत' पीसीआर परीक्षण लेने वाले जोकोविच ने यह भी खुलासा किया कि 17 दिसंबर को बेलग्रेड में एक टेनिस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद तक उन्हें पॉजिटिव पीसीआर परीक्षण परिणाम की सूचना नहीं मिली थी। इस कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये थे। कोरोना परिणाम जानने के बावजूद 18 दिसंबर को बेलग्रेड में अपने टेनिस सेंटर में जोकोविच ने एक फ्रांसीसी दैनिक को साक्षात्कार दिया था और फोटोशूट कराया था। हालांकि, जोकोविच ने अब स्वीकार किया है कि साक्षात्कार देना गलत था, उन्हें साक्षात्कार के कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करना चाहिए था।

# पांचवें एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन घोषित, ट्रैविस हेड की वापसी

होबार्ट। बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें एशेज टेस्ट में सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग करेंगे। ख्वाजा पिछले हफ्ते सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले इतिहास के तीसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने चौथे एशेज टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।

ख्वाजा की फॉर्म ने उन्हें अंतिम एकादश में अपना स्थान बनाए रखने में मदद की लेकिन सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस को अंतिम एशेज टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को पुष्टि की कि ट्रैविस हेड होबार्ट टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में वापसी करेंगे। पांच मैचों की श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया 3-0 से आगे है, दोनों टीमों के बीच चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा था और पांचवां मैच शुक्रवार से होबार्ट में शुरू होगा और यह दिन-रात्रि टेस्ट होगा। पांचवें एशेज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है : पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, मार्कस हैरिस, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुस्चगने, नाथन लियोन, मिच मार्श, माइकल नेसर, झाय रिचर्डसन , मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वेपसन, डेविड वार्नर

## राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए तैयारी अच्छी : रवि दहिया

नई दिल्ली। भारत के पहलवान रवि दहिया ने बुधवार को कहा कि वह आगामी राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उनकी तैयारी बहुत अच्छी चल रही है। ब्रिटेन के बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 का आयोजन 28 जुलाई से 8 अगस्त के बीच होने की उम्मीद है, जबकि एशियाई खेल 10-25 सितंबर, 2022 तक हांग्जो, झेजियांग, चीन में होंगे। टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता दहिया ने कहा, "यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि इस साल राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल हैं। हम इस साल राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं और तैयारी भी अच्छी चल रही है।"

# सीडब्ल्यूआई ने क्लाइव लॉयड को नाइटहुड सम्मान मिलने पर दी बधाई

सेंट जॉन्स। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने वेस्टइंडीज के दिग्गज सर क्लाइव लॉयड को नाइटहुड सम्मान मिलने पर बधाई दी है। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान को क्रिकेट के खेल में उनकी सेवाओं के लिए यह सम्मान मिला।

सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने एक बयान में कहा, "सीडब्ल्यूआई और वेस्टइंडीज क्रिकेट में शामिल सभी लोगों की ओर से, मैं इस जबरदस्त सम्मान पर सर क्लाइव को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। सर क्लाइव क्रिकेट इतिहास में विश्व कप उठाने वाले पहले व्यक्ति के रूप में एक विशेष स्थान रखते हैं। लॉर्ड्स में वह जीत वेस्टइंडीज क्रिकेट में एक बेहद महत्वपूर्ण क्षण था जब



हमने प्रदर्शित किया कि हम सर क्लाइव के नेतृत्व की एकीकृत शैली के साथ दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं।"

उन्होंने कहा, "सर क्लाइव ने वेस्टइंडीज और विश्व स्तर पर खेल के विकास में बड़ा योगदान दिया है, और हर जगह क्रिकेट प्रशंसकों को इस सबसे उपयुक्त प्रशंसा का स्वागत करना चाहिए।"

क्लाइव लॉयड ने 1975 में उद्घाटन क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट के फाइनल में वेस्टइंडीज को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया पर जीत दिलाई थी।

चार साल बाद उन्होंने वेस्टइंडीज को फिर से विश्व खिताब दिलाया जब उन्होंने इंग्लैंड को फिर से लार्ड्स पर हराया। उन्होंने 110 टेस्ट और 87 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और अब तक के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उनकी कप्तानी के दौरान, टीम दुनिया में सबसे सफल रही और उसने बिना हार के 27 टेस्ट मैच खेले - जिसमें लगातार 11 जीत शामिल थी।

# महिला एशेज श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय चयन समिति (एनएसपी) ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी महिला एशेज श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है।बहु-प्रारूप श्रृंखला 20 जनवरी को एडिलेड ओवल में तीन टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ शुरू होगी, इसके बाद 27-30 जनवरी तक कैनबरा के ओवल में एक मात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। ओवल 3 फरवरी को पहले एक दिवसीय मैच की भी मेजबानी करेगा, जबकि बाकी दो एकदिवसीय मैच मेलबर्न में 6 और 8 फरवरी को खेले जाएंगे।

श्रृंखला में, टीमों को प्रत्येक एकदिनी और टी-20 जीतने पर दो अंक दिए जाते हैं, जबकि एकमात्र टेस्ट मैच जीतने पर जीत चार अंक मिलते हैं। यदि कोई मैच ड्रा होता है तो अंक साझा किए जाते हैं।

श्रृंखला के अंत में सबसे अधिक अंक जमा करने वाली टीम को एशेज से सम्मानित किया जाएगा। एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है: डार्सी ब्राउन, निकोला केरी, हन्ना डार्लिंगटन, एश्ले गार्डनर, राचेल हेन्स (उप-कप्तान), एलिसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, मेग लैनिंग (कप्तान), ताहलिया मैकग्राथ, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट , एनाबेल सदरलैंड और तायला व्लामिन्क्की।

# अंडर-19 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज रवाना हुई अफगानी क्रिकेट

काबुल। अफगानिस्तान अंडर 19 पुरुष क्रिकेट टीम आगामी विश्व कप के लिए बुधवार को वेस्टइंडीज के लिए रवाना हो गई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के आधिकारिक हैंडल



से ट्वीट किया गया, "राष्ट्रीय टीम अंडर-19 आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2022 में हिस्सा लेने के लिए वेस्टइंडीज के लिए रवाना हो गई है।" बता दें कि अफगानिस्तान का इंग्लैंड और संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अभ्यास मैच रद्द कर दिया गया था। आवश्यक वीजा प्राप्त करने में विलंब होने के कारण अफगानिस्तान टीम को वेस्टइंडीज पहुंचने में देरी हुई।

# सरकारी नौकरियों में समान अधिकारों के लिए सड़क पर उतरीं अफगानी महिलाएं

**काबुल।** अफगानिस्तान में महिलाएं नौकरी व समाज में समान अधिकारों के लिए जूझ रही हैं। इसके लिए आंदोलन भी हो रहे हैं। एक बार फिर महिलाओं ने नौकरियों की बहाली व समान सामाजिक अवसरों के लिए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

अफगानिस्तान की महिलाएं सरकारी नौकरियों में अपनी हिस्सेदारी को लेकर चिंतित हैं। स्वतंत्र प्रशासनिक सुधार व सिविल सेवा आयोग में अभी तक एक चौथाई से अधिक पद महिलाओं द्वारा भरे जाते थे। अब ये स्थितियां नहीं रह गयी हैं। महिलाएं सरकारी विभागों में अपनी उपस्थिति व कामकाज के घटते अवसरों को लेकर खासी चिंतित हैं। इन स्थितियों के खिलाफ महिलाओं ने काबुल की सड़कों पर



प्रदर्शन कर तालिबान से नौकरियों और समाज में समानता का अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाएं तालिबान प्रशासन से महिलाओं को काम करने की अनुमति देने और महिलाओं के मामलों पर फैसलों में महिलाओं के सार्थक समावेश की मांग कर रही थीं। ये लोग महिला अधिकारों के लिए नीतियां बनाने व महिलाओं के कब्जे वाले पदों का संरक्षण सुनिश्चित करने की मांग कर रही थीं। प्रदर्शनकारी महिलाओं के लिए समाज में सुरक्षित वातावरण का निर्माण करने संबंधी नारे लगा रही थीं। इस मसले पर तालिबान के प्रवक्ता बिलाल करीमी ने कहा कि महिलाओं के कामकाज की स्थितियों का आकलन किया जा रहा है। आकलन के बाद जिस विभाग में महिलाओं की जरूरत होगी वहां उन्हें मौका दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के लिए भी अफगान सरकार को महिलाओं का समावेशी योगदान सुनिश्चित करना होगा।

## नाटो ने माने रूस के साथ मतभेद, फिर वार्ता के लिए राजी

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन के मसले पर नार्थ एटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) और रूस के साथ हुई वार्ता में दोनों के बीच मतभेद सामने आए किन्तु आगे वार्ता जारी रखने पर सहमति भी बनी। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने वार्ता के बाद पत्रकारों से रूस के साथ नाटो को मतभेदों को स्वीकार किया और कहा कि दोनों पक्ष आगे भी वार्ता के लिए राजी हैं।

ब्रसेल्स स्थित नाटो मुख्यालय में अमेरिकी उप विदेश मंत्री वेंडी शरमन की मौजूदगी में नाटो प्रतिनिधियों के साथ रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को और उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने वार्ता की। इस वार्ता के बाद नाटो महासचिव जेन्स स्टोलेटनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन के मसले पर बातचीत आसान चर्चा नहीं थी। इस मसले पर मतभेदों को समाप्त करना आसान नहीं है, फिर भी दोनों पक्ष बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए हैं।

## पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश के कारण मकान की छत गिरी, पांच लोगों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश के चलते मकान की छत गिरने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

घटना मंगलवार को देर रात पेशावर में इंकलाब कॉलोनी में हुई। बचाव अधिकारियों ने बताया कि परिवार के सभी सात सदस्य मलबे में दब गए, जिनमें से पांच की मौत हो गई। शेष को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने घटना पर दुख जताया है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## मंगोलिया में कोरोना के 1,818 नए मामले सामने आए

**उलानबटोर।** मंगोलिया में बीते 24 घंटे में कोरोना के 1,818 नए सामने आए हैं, जो 5 नवंबर के बाद सबसे ज्यादा है, जिससे बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,99,482 हो गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने देश के स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना से दो मौतें दर्ज की गई हैं, जिससे मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 2,003 हो गई।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा, देश ने पिछले हफ्ते ओमिक्रॉन वेरिएंट के अपने पहले बाहरी और स्थानीय मामलों की पुष्टि की, जो देश में महामारी की चौथी लहर की शुरूआत का संकेत है। जनता से सभी प्रासंगिक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है।

अब तक देश की 66.6 प्रतिशत आबादी को दो कोरोना वैक्सीन की खुराक मिल चुकी है, जबकि 18 साल से ज्यादा उम्र के 9,46,536 से ज्यादा लोगों को तीसरी खुराक मिल चुकी है।

देश में शुक्रवार से कोरोना के टीके की चौथी खुराक दी जाएगी।

## तुर्की में कोरोना के 74,266 नए मामले सामने आए

**अंकारा।** तुर्की में कोरोना के 74,266 नए मामले सामने आए, जो कि रिकॉर्ड मामले हैं। इसी के साथ संक्रमणों की संख्या बढ़कर 10,117,954 हो गई है।

तुर्की में मंगलवार को रिकार्ड मामले सामने आए हैं। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोरोना से 137 लोगों की मौत हो गई, इसी के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 83,980 हो गई, जबकि बीते 24 घंटों में 39,226 लोग ठीक हो गए।

सोमवार को कुल 430,253 कोरोना टेस्ट किए गए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों के चीनी सिनोवैक वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी देने के बाद अब तुर्की 14 जनवरी से बड़े पैमाने पर कोरोना टीकाकरण शुरू करेगा।

तुर्की में अब तक 5.715 करोड़ से ज्यादा लोगों ने टीके की पहली खुराक ली है, जबकि 5.197 करोड़ से ज्यादा ने दूसरी खुराक ली है। तुर्की में अब तक कोरोना टीकों की 13.742 करोड़ से ज्यादा खुराक दी गई है, जिसमें तीसरी बूस्टर खुराक भी शामिल है।

## अमेरिका में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी, अब तक तकरीबन 85 लाख बच्चे कोरोना पॉजिटिव

**वाशिंगटन।** अमेरिका में महामारी की शुरूआत के बाद से लगभग 85 लाख बच्चे कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। साथ ही, अमेरिका के बच्चों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ये जानकारी अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (एएपी) और चिल्ड्रन हॉस्पिटल एसोसिएशन की नई रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 6 जनवरी तक कुल 8,471,003 बच्चे कोरोना संक्रमित थे। इसी के साथ बच्चों में पुष्ट मामलों का 17.4 प्रतिशत हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के बच्चों में कोरोना मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो महामारी की पिछली लहरों के चरम से कहीं ज्यादा है।

एएपी के अनुसार, 6 जनवरी तक कोरोना के 580,000 से ज्यादा बच्चे कोरोना संक्रमित पाए गए, जो एक सप्ताह पहले की तुलना में 78 प्रतिशत की वृद्धि है और दो सप्ताह पहले के मामले में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है।

## आतंकवाद रोधी समिति के अध्यक्ष तिरूमूर्ति ने 2022 के लिए प्राथमिकताओं पर चर्चा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) आतंकवाद रोधी समिति की अध्यक्ष के तौर पर मौजूदा वर्ष के लिए समिति की प्राथमिकताओं पर चर्चा की और आतंकवाद रोधी पर भारत के केन्द्रीकरण के बिंदुओं और परिपेक्ष्य को साझा किया।

आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) को 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में हुए आतंकवादी हमले के बाद गठित किया गया था। यूएनएससी प्रस्ताव 1373 (2001) के तहत सीटीसी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सहायक संस्था के तौर पर स्थापित किया गया था।

तिरुमूर्ति ने मंगलवार को ट्वीट किया कि सीटीसी के अध्यक्ष के तौर पर संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति कार्यकारी निदेशालय (सीटीईडी) के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक से बातचीत करके अच्छा लगा और उनकी टीम के साथ 2022 के लिए सीटीसी की प्राथमिकताओं पर चर्चा की तथा आतंकवाद रोधी पर भारत की तवज्जो और परिपेक्ष्य को साझा किया।

सीटीसी ने एक ट्वीट में कहा कि तिरुमूर्ति ने उभरते खतरों और चुनौतियों से निपटने में 2022 में किए जाने वाली प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। सीटीईडी, सीटीसी की मदद करती है।

# इंग्लैंड का ऐलान, भारत के साथ होगी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच व्यापारिक रिश्तों की मजबूती पर एक कदम आगे बढ़ते हुए इंग्लैंड ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत का ऐलान किया है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इसे ब्रिटिश व्यापारियों के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की कतार में सबसे आगे रखने का सुनहरा अवसर करार दिया है। जॉनसन ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता भारत के साथ ऐतिहासिक व्यापारिक भागीदारी को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने इसके लिए स्कॉच व्हिस्की, वित्तीय प्रबंधन और नवीनीकृत तकनीकी जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त अवसरों का उदाहरण दिया। दोनों देशों के बीच वार्ता अगले सप्ताह शुरू होने की



उम्मीद है। इंग्लैंड सरकार द्वारा किसी देश के साथ वार्ता की घोषणा के बाद यह औपचारिक वार्ता की सबसे तेज शुरूआत होगी। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ने उम्मीद जाहिर की कि भारत की उभरती अर्थव्यवस्था के साथ मुक्त व्यापार निश्चित रूप से इंग्लैंड के कारोबारियों व उपभोक्ताओं के लिए लाभदायक साबित होगा। इंग्लैंड के पास विश्वस्तरीय दक्षता है और भारत भी नवोन्मेष में पीछे नहीं है। दोनों देश इस समझौते का लाभ उठा सकते हैं। जॉनसन का यह बयान इंग्लैंड की विदेश मंत्री मेरी ट्रेवेलियान और भारत के उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के बीच प्रस्तावित वार्ता से ठीक पहले आया है। ट्रेवेलियान 15वीं भारत-इंग्लैंड संयुक्त आर्थिक एवं व्यापार समिति की बैठक के लिए दिल्ली में हैं। ट्रवेलियान ने कहा कि 2050 तक भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आ चुका होगा। ऐसे में मुक्त व्यापार समझौता ब्रिटिश कारोबार को सबसे आगे रखने का सुनहरा अवसर है।

# कोरोना वायरस के वैश्विक मामले बढ़कर 31.33 करोड़ के पार

**वाशिंगटन।** दुनिया भर में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 31.33 करोड़ से ज्यादा हो गए हैं। इस महामारी से अब तक कुल 55.0 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई हैं, जबकि 9.49 अरब से ज्यादा का वैक्सीनेशन हुआ है। ये आंकड़े जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने साझा किए हैं।

बुधवार सुबह अपने नए अपडेट में, यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने बताया कि वर्तमान वैश्विक मामले 313,353,216, मरने वालों की संख्या 5,503,857 और टीकाकरण की कुल संख्या बढ़कर क्रमशः 9,493,553,089 हो गई है।

सीएसएसई के अनुसार, दुनिया के सबसे ज्यादा मामलों और मौतों 62,308,132 और 842,141 के साथ अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है।

कोरोना मामलों में भारत दूसरा सबसे प्रभावित देश है, जहां कोरोना के 35,875,790 मामले हैं जबकि 484,213 लोगों की मौत हुई है,

इसके बाद ब्राजील में कोरोना के 22,635,129 मामले हैं जबकि 620,507 लोगों की मौत हुई हैं।

सीएसएसई के आंकड़े के अनुसार, 50 लाख से ज्यादा मामलों वाले अन्य सबसे प्रभावित देश यूके (14,826,336), फ्रांस (12,680,780), रूस (10,503,101), तुर्की (10,119,884), जर्मनी (7,631,453), इटली (7,774,863), स्पेन (7,592,242), अजेर्टीना (6,533,635), ईरान (6,210,298) और कोलंबिया (5,380,841) हैं।

जिन देशों ने 100,000 से ज्यादा मौतों का आंकड़ा पार कर लिया है, उनमें रूस (311,281), मेक्सिको (300,412), पेरू (203,067), यूके (151,093), इंडोनेशिया (144,144), इटली (139,559), ईरान (131,940), कोलंबिया (130,460), फ्रांस (127,048), अजेर्टीना (117,595), जर्मनी (114,522) और यूक्रेन (103,950) शामिल हैं।

## ब्राजील में भारी बारिश से 10 की मौत

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणपूर्वी राज्य मिनस गेरैस में भारी बारिश के बाद बीते 24 घंटों में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 13,000 से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। ये जानकारी क्षेत्रीय नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने दी।

पीड़ितों में 5 मंगलवार को राजधानी बेलो होरिजोंटे महानगरीय क्षेत्र में कार से यात्रा कर रहे एक ही परिवार के सदस्य थे।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूस्खलन में उनकी कार दब गई, जिसमें एक दंपति, उनके 3 और 6 साल के बच्चे और एक अन्य रिश्तेदार बैठे हुए थे।

सप्ताहांत में बारिश तेज हो गई, जिससे बाढ़ के कारण भूस्खलन हुआ।

राज्य की 853 नगर पालिकाओं में से कुल 145 में आपात स्थिति बनी हुई है, जबकि 17,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं।

बड़ी मात्रा में बारिश के कारण मिनस गेरैस राज्य में कई नदियां उफान पर हैं, और एक खतरा है कि कुछ बांध ओवरफ्लो हो सकते हैं।

अक्टूबर में बारिश का मौसम शुरू होने के बाद से अब तक राज्य में कम से कम 19 लोगों की मौत हो चुकी है।

# दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावों को अमेरिका ने किया खारिज

**वाशिंगटन।** दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावों पर सवाल खड़े करते हुए अमेरिका ने उन्हें खारिज कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के समुद्री एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण व वैज्ञानिक मामलों के ब्यूरो ने एक विस्तृत शोध पत्र में दावा किया है कि चीन दक्षिण चीन सागर के मामले में गैरकानूनी भौगोलिक व ऐतिहासिक दावे कर रहा है। शोध पत्र में कहा गया है कि फिलीपींस, वियतनाम और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ विवादों के मसले पर चीन के पास कोई अंतरराष्ट्रीय कानूनी आधार नहीं




बनता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने यह अध्ययन जारी करने के साथ ही चीन से दक्षिण चीन सागर में अपनी गैरकानूनी गतिविधियां रोकने की बात भी कही है। शोध पत्र में चीन के दावों का भौगोलिक सत्यापन भी किया गया है, जिसमें चीन के दावों को कानूनी सीमाओं से परे व अपने समुद्री क्षेत्र का उल्लंघन करार दिया गया है। चीन जिन चार द्वीप समूहों पर दावा जताता है, अमेरिका ने उस दावे को भी खारिज कर दिया है।

यह रिपोर्ट उस समय आयी है, जब अमेरिका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन को चुनौती दे रहा है। अमेरिका चीन को दुनिया के लिए दूरगामी खतरा करार देता है। दक्षिण चीन सागर बहुमूल्य तेल व गैस भंडारों के साथ समृद्ध समुद्री यात्रा मार्ग सहेजे हुए है। चीन के पड़ोसी देश उस पर दक्षिण चीन सागर पर अनधिकृत अतिक्रमण का आरोप लगाते रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## अफगान प्रांत में हुई गोलीबारी में 5 लोगों की हुई मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को इन घटनाओं की पुष्टि की है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय हकल जान आजम के हवाले से बताया कि पूर्वी लघमन प्रांत में, काबुल से 90 किमी पूर्व में सुरखाकन इलाके में गोलीबारी में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गया और स्थानीय सुरक्षा अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उत्तरी बगलान प्रांत में, प्रांतीय राजधानी पुल-ए-खुमरी के बाहरी इलाके में एक स्थानीय सीमेंट कारखाने के एक इंजीनियर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रांतीय सरकार के अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है। पिछले साल अगस्त के मध्य में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से अफगानिस्तान में सुरक्षा की स्थिति आम तौर पर शांत रही है, हालांकि, अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि उच्च बेरोजगारी दर और बढ़ती गरीबी के साथ आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।

तालिबान के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार के सुरक्षा कर्मियों ने पिछले कुछ महीनों के भीतर देश भर से कई अपराधियों और सशस्त्र चोरी गिरोहों के सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

# मौजूदा पाकिस्तान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के विरोध में एक बार फिर विपक्ष एकजुट हो रहा है। मौजूदा पाकिस्तान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी हो रही है। इसके लिए 25 जनवरी को पाकिस्तान के प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक होगी। पाकिस्तानी डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेता मौलाना फजलुर रहमान ने दावा किया कि पाकिस्तान के विपक्षी दल मौजूदा सरकार की बर्खास्तगी तक शांत नहीं रहेंगे। उन्होंने सरकार के समर्थक दलों से भी राष्ट्रहित व आम आदमी के बारे में सोचकर इमरान खान सरकार से समर्थन वापस लेने की अपील भी की। मौलाना फजलुर रहमान जमीअत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की अगुवाई वाली सरकार के खिलाफ मजबूत विरोध



करना पाकिस्तान के हित में जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पाकिस्तान ड्रेमोकेटिक मूवमेंट 23 मार्च राजधानी की ओर बड़ा मार्च शुरू करेगी। 25 जनवरी को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में इस मार्च की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी सरकार एक स्वतंत्र देश को फिर से उपनिवेश बनाने पर काम कर रही है। सरकार को आम आदमी की शिकायतों व दर्द का एहसास नहीं है। इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन चलाया जाएगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेता शाहबाज शरीफ ने भी कहा कि देश के 74 साल के इतिहास में मौजदा सरकार और सत्ता संभाल रही पार्टी पीटीआई सबसे अक्षम है।

## ओमिक्रोन के मरीजों को भी अस्पताल में कराना पड़ रहा भर्ती: डब्ल्यूएचओ

जिनेवा। दुनिया में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन का संक्रमण बढ़ता जा रहा है। डब्ल्यूएचओ की माने तो ओमिक्रोन कोरोना के डेल्टा वैरिएंट से आगे निकल रहा है। साथ ही ओमिक्रोन के मरीजों को अस्पताल में भर्ती भी कराना पड़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस संबंध में आगाह करते हुए चेताया है कि इस बात के साक्ष्य बढ़ रहे हैं कि ओमिक्रोन संक्रमण की चपेट में ऐसे लोग भी आ रहे हैं, जिन्होंने वैक्सीन के दोनों डोज ले चुके हैं। हालांकि दूसरे वैरिएंट की तुलना में ओमिक्रोन की गंभीरता कम है लेकिन ओमिक्रोन संक्रमितों को भी अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत आ ही रही है।

## ऑस्ट्रेलिया में कोरोना से हुई मौतें 15 महीने के उच्च स्तर पर पहुंचीं

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने 15 महीनों से ज्यादा समय में दैनिक कोरोना मौतों की उच्च संख्या दर्ज की है। बुधवार को देशभर में 42 मौतें हुई, जो देश के दो सबसे बड़े राज्यों, न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) और विक्टोरिया में 21-21 मौतें हुई हैं।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने डेली मेल ऑस्ट्रेलिया के हवाले से बताया कि यह 4 सितंबर, 2020 के बाद से एक दिन में दर्ज की गई कोरोना मौतों की सबसे ज्यादा संख्या है, जब विक्टोरिया में कोरोना से 59 मौतें हुई थीं।

राज्यों और क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में बुधवार को 100,000 से ज्यादा स्थानीय कोरोना मामले सामने आए।

मंगलवार रात प्रकाशित स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों ने बताया कि देशभर के अस्पतालों में 3,869 मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जिसमें 342 गहन देखभाल इकाइयों (यूनिट) में भर्ती हैं।

ऑस्ट्रेलिया के 1,042,293 पुष्टि किए गए कोरोना मामलों में से लगभग 60 प्रतिशत मंगलवार तक सक्रिय रहे।